


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 13 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 27 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## नहाए-खाए की रस्म के साथ कल से महापर्व छठ की शुरुआत, तालाबों में सजने लगी बेदियां

**भिलाई।** सूर्य की आराधना का पर्व 'छठ की तैयारी शहर में शुरू हो चुकी है। यूपी-बिहार वासियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़वासी भी इस महापर्व को लेकर उत्साहित है। दीपावली बीतने के बाद गुरुवार सुबह से ही तालाबों में छठ को लेकर चहल-पहल शुरू हो गई है। खासकर तालाब के किनारे बनी बेदियों के रंगरोगन से लेकर नई वेदी बनने लगी है ताकि छठ के दिन तालाब किनारे बैठने के लिए जगह सुरक्षित हो सकें।

घरों में भी छठ को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को नहाए-खाए की रस्म के साथ महापर्व छठ का आगाज होगा। सेक्टर 2. सेक्टर 7, जवाहर नगर उद्यान, रिसाली, सूर्य कुंड, कोहका, सुपेला, कैंप-1 रामनगर, शारदा पारा कैंप-2, छावनी, जुनवानी सहित अन्य कई तालाबों के किनारे वेदी सजाने का काम शुरू हो गया है। लोग अपनी-अपनी वेदियों की रंगाई पोताई की तो कुछ ने मिट्टी से नई बेदियां बनाई।

छठ को लेकर सभी तालाबों में माहौल है। लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ देने अपने-अपने लिए बेदी बनाने लोग पहुंच रहे हैं और निगम की ओर से भी तालाबों की सफाई का काम चल रहा है



### कल से चार दिन का महापर्व

- 28 अक्टूबर नहाए-खाए
- 29 अक्टूबर खरना
- 30 अक्टूबर शाम का अर्घ
- 31 अक्टूबर सुबह का अर्घ

### सेक्टर 7 तालाब में अस्थाई बेदी

सेक्टर 7 स्थित तालाब में लोगों द्वारा अस्थाई बेदी बनाई जा रही है। यहां पिछले कई साल से छठ पूजा का आयोजन हो रहा है लेकिन तालाब की सुंदरता को कायम रखने यहां पक्की बेदी निर्माण की अनुमति नहीं है। यहां लोग केवल पूजा के लिए मिट्टी की छोटी-छोटी बेदी बना रहे है। यहां के पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद यहां सभी को केवल अस्थाई बेदी बनाने की परमिशन है, ताकि पूजा के बाद उस बेदी को हटाया जा सके। इसके अलावा सेक्टर-छठ तालाब, छावनी लक्ष्मण तालाब, रामनगर मुक्तिधाम, सुपेला शीतला तालाब, हाउसिंग बोर्ड, बैकुंटधाम छठ तालाब, दर्री तालाब छावनी आदि में भी छठ पर्व की तैयारियां की जा रही हैं।

## विशेष...

### चिंतलनार में पदस्थ कमांडेंट की मौत, हार्टअटैक के बाद ले जाया गया था अस्पताल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र चिंतलनार में पदस्थ कमांडेंट की मौत हो गई। बुधवार आधीरात के बाद कमांडेंट को हार्टअटैक आया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चिंतलनार में पदस्थ कोबरा 201 बटालियन के कमांडेंट सौमत्रि रॉय का हार्टअटैक से निधन हो गया।

### घर की छत पर लगाया पाकिस्तान का झंडा, पकड़कर ले गई पुलिस

**रायगढ़।** छत्तीसगढ के रायगढ़ के सरिया में एक व्यापारी ने अपने घर में पाकिस्तानी झंडा फहराया था। जिसकी सूचना मिलते ही जिला और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने फल व्यवसायी के घर से पाकिस्तानी झंडा जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस ने फल व्यापारी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि एक आदमी ने फोन पर सूचना दी कि सरिया में फल व्यवसाय करने वाले मुस्ताक खान ने अपने घर पर पाकिस्तानी झंडा लगाया है।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला : पुरुष व महिला क्रिकेटर्स को मिलेगी एक फीस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। बोर्ड ने एक नई पॉलिसी लागू करते हुए अब मैच फीस के तौर पर महिला और पुरुष के बीच के भेदभाव को ही खत्म कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा कि अब से महिला और पुरुष को बराबर मैच फीस मिलेगी. इस बात की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने दी है।




जय शाह ने इस ऐतिहासिक फैसले का ऐलान सोशल मीडिया के जरिए किया है। जय शाह ने कहा यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई ने इस भेदभाव को दूर करने के लिए पहला कदम उठाया है। हम अपनी अनुबंधित महिला क्रिकेटर्स के लिए वेतन इक्विटी पॉलिसी लागू कर रहे हैं।

यदि औसतन तुलना की जाए तो अब तक सीनियर महिला क्रिकेटर्स को प्रतिदिन मैच के लिए 20 हजार रुपये फीस मिलती थी। यह किसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेटर के लगभग बराबर थी। जबकि सीनियर पुरुष खिलाड़ी प्रतिदिन मैच फीस के तौर पर औसतन 60 हजार रुपए कमाई करते हैं। ऐसे में यह महिला और पुरुषों के बीच एक बड़ा अंतर था. मगर अब यह भेदभाव भी दूर हो जाएगा। 2022 से पहले महिला क्रिकेटरों को मैच फीस के तहत सिर्फ 12,500 रुपये दिए जाते थे।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ये पहल शुरू की

क्रिकेट में महिला-पुरुषों को समान वेतन देने की पहल इसी साल जुलाई में सबसे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुरू की थी। उन्होंने महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को समान वेतन देने का फैसला किया था। इसको लेकर ह्रीष्ट और 6 बड़ी एसोसिएशन के बीच एग्रीमेंट भी हुआ. यह डील पहले पांच साल के लिए की गई। इसके तहत इंटरनेशनल समेत घरेलू क्रिकेटर्स को भी सभी टूर्नामेंट में होने वाले मैचों की फीस भी समान ही मिलेगी।

### इस तरह मिलेगी महिला क्रिकेटर्स को मैच फीस

बीसीसीआई सचिव ने कहा कि हम अब लैंगिक समानता के एक नए युग में एंट्री कर रहे हैं. ऐसे में इस पॉलिसी के तहत अब से महिला और पुरुष दोनों के लिए ही समान मैच फीस रहेगी। उन्होंने बताया है कि अब से महिलाओं को भी पुरुष को समान ही मैच फीस मिलेगी। टेस्ट क्रिकेट में एक मैच के लिए 15 लाख रुपए मिलते हैं, जबकि वनडे इंटरनेशनल में पुरुषों को एक मैच के 6 लाख रुपए दिए जाते हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि पुरुषों को टी20 इंटनेशनल क्रिकेट में एक मैच खेलने के लिए 3 लाख रुपये मिलते हैं। अब यही फीस महिला क्रिकेटर्स को भी मिला करेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

## जिला मुख्यालयों में एक नवंबर को होगा एक दिवसीय कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला मुख्यालयों में एक नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। विभिन्न विभागों में विशेष उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाए। विगत वर्षों की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाए।

जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा एक नवंबर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शालीन होना चाहिए। जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय विभागों में एक नवंबर को रात्रि को रोशनी की जाए। शासन के कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को कार्यक्रम में लाभान्वित किया जाए।

### आदिवासी नृत्य और राज्य अलंकरण समारोह भी होगा

राज्य स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में 01 से 03 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्य अलंकरण समारोह आयोजित होगा। राज्य स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार जिला मुख्यालय धमतरी के कार्यक्रम में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, जिला मुख्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, जिला मुख्यालय गरियाबंद के कार्यक्रम में विधायक अमितेष शुक्ल, जिला मुख्यालय दुर्ग के कार्यक्रम में विधायक कुलदीप जुनेजा, जिला मुख्यालय राजनांदगांव के कार्यक्रम में विधायक अरूण वोरा, जिला मुख्यालय कबीरधाम के कार्यक्रम में विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, जिला मुख्यालय बालोद के कार्यक्रम में विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला मुख्यालय बेमेतरा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, जिला मुख्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव डॉ.रश्मि आशीष सिंह, जिला मुख्यालय कोरबा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, जिला मुख्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम में विधायक लालजीत सिंह राठिया, जिला मुख्यालय मुंगेली के कार्यक्रम में संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा के कार्यक्रम में संसदीय सचिवचंद्रदेव प्रसाद राय।

पूरी रात फंदे पर लटका रहा ठेका श्रमिक का शव

## पुलिस उतारने पहुंची तो परिजनों ने किया जमकर हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी ठेका श्रमिक का फंदे पर लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बेटे की ऐसी हालत देखकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जिसके चलते पूरी रात शव फंदे पर ही लटकी रही। भिलाई स्टील प्लांट के नंदिनी माइंस के मेंटेनेंस ऑफिस के सामने एक बीएसपी ठेका श्रामिक ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।


नंदिनी पुलिस मर्ग कायम कर शव को फंदे से उतारने के लिए पहुंची तो परिजनों ने लाश को नीचे नहीं उतारने दिया। जिसके कारण आज तहसीलदार के सामने शव को फंदे से उतार कर पीएम के लिए भेजा जाएगा।

नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि घटना बुधवार शाम की है। ग्राम कोकड़ी निवासी गजानंद साहू पिता पुनाराम साहू (25 वर्ष) बीएसपी टाउनशिप नंदिनी के मेंटेनेंस ऑफिस में काम करता था। बुधवार सुबह ड्यूटी पर आया था। शाम को वह मेंटेनेंस ऑफिस के सामने कमरे में नायलोन की रस्सी को उसने पंखे से बांधकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना की सूचना परिजनों को लगी तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक आत्महत्या नहीं कर सकता उसकी हत्या की गई है।

## जशपुर में फंदे पर लटकी मिली किसान की लाश, कर्ज से था परेशान, एसडीएम का आया बयान

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुर। जिले के छिछली गांव निवासी किसान राजकुमार यादव ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया। किसान की आत्महत्या का कारण खेती के लिए गए कर्ज को बताया जा रहा है।



पंडरापाठ पुलिस ने इस मामले में बताया कि जांच के दौरान रामकुमार के कर्ज में होने की बात पता चली है। इस वजह से वह काफी परेशान रहता था। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इधर इस मामले में सरकार की ओर से तहसीलदार का बयान आया है।

एसडीएम ने बताया है कि राजकुमार यादव ने स्वास्थ्यगत एवं पारिवारिक परेशानियों के चलते आत्महत्या की है। आर्थिक अभाव एवं कर्जदार होने का कोई प्रमाण अभी सामने नहीं आया है। यह जानकारी बगीचा के एसडीएम और सन्ना के तहसीलदार ने प्रारंभिक तौर पर परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर दी है। सन्ना के तहसीलदार ने बताया कि 26 वर्षीय राजकुमार यादव बीते एक साल से अपने माता-पिता एवं भाईयों से अलग अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रह रहा था।

एसडीएम ने बताया कि बीते सीजन में उसने मिर्ची की खेती की थी, जिससे उसे एक लाख रूपए की आमदनी हुई थी। अभी वह 6-7 एकड़ खेत में मक्का की खेती की है। फसल की स्थिति अच्छी है। प्रारंभिक पूछताछ में यह जानकारी भी मिली है कि रामकुमार यादव के ऊपर किसी का न तो कर्ज बताया था, न ही आर्थिक परेशानी थी। राजकुमार यादव की तबीयत ठीक नहीं रहती थी, जिसके चलते विचलित एवं परेशान रहता था। बातचीत में लोगों ने स्वास्थ्यगत एवं पारिवारिक कारणों से राजकुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही है।

## राऊत नाचा में जब झूमकर नाचे सीएम

श्रीकंचनपथ




जीवन में चुनौतियां और संकट पग-पग पर होते हैं. जब हम चुनौतियों को पार कर जाते हैं, संकट का मोचन होता है तो आत्मिक खुशी का अनुभव होता है। संघर्ष करने की हमारी ताकत बढ़ जाती है। पर ये अनुभव अकसर व्यक्तिगत होते हैं जिसमें पूरा समाज शामिल नहीं हो पाता। भारतीय पर्व और परम्पराएं इसी कमी को पूरा करती हैं। पर्व आने पर हम सब एक ही रंग में रंग जाते हैं। पर्व-त्यौहारों की खुशियों को तब चार चांद लग जाते हैं जब उसमें कुछ अनोखा हो जाए। छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री ऐन यही करते ह। वे आम आदमी के खास नेता है. पर पर्व और त्यौहारों पर बेहद आम हो जाते हैं और लोगों के साथ घुल मिल जाते हैं। कभी गेड़ी चढ़कर भागते हुए दिखते हैं, कभी हथेली पर भौंरा नचाते हैं तो कभी लोक परम्पराओं का सम्मान करते हुए हाथ पर सोंटा भी खाते हैं। गौवंश के प्रति प्रतिबद्धता का तो उनका अपना ही स्टाइल है। इसलिए राऊत नाचा पर भी जनता को उनसे काफी उम्मीदें थीं. सीएम ने उन्हें निराश नहीं किया। सीएम हाउस में आयोजित गोवर्धन पूजा के अवसर पर उन्होंने धौराभांठा के कलाकारों के साथ पारम्परिक वेशभूषा में जमकर राऊत नाच किया। पर कुछ लोगों को यह बात रास नहीं आई. उन्होंने इसे नौटंकी करार दिया. ऐसे लोगों का मानना है कि यह सीएम पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है. उनकी समझ के अनुसार सीएम को अपने दफ्तर में भी एके 47 धारी अंगरक्षकों के साये में होना चाहिए। उन्हें जनता से एक सुरक्षित दूरी बनाकर रखना चाहिए। तो आइए थोड़ा इतिहास में झांक लेते हैं। प्रभु श्रीराम के जीवन के कौन से प्रसंग हमें याद हैं? रावण वध के अलावा हमें शबरी याद है, केंवट याद है, सुग्रीव-हनुमान-जामवंत से उनके रिश्ते याद हैं। श्रीकृष्ण को भी हम चरवाहों के साथ उनकी मस्ती और गोपियों के साथ उनकी लीलाओं को लेकर ही याद करते हैं। उनका सखा सुदामा से मिलने नंगे पांव दौड़े चले आना याद है। द्वारकाधीश ने तो केवल महाभारत करवाया, जिसकी तस्वीर तक को घर में लगाना अशुभ माना जाता है। मुख्यमंत्री इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की दीपावली के उजले पक्षों को भी सामने रखते हैं। यहां बम-बटाखों की अपसंस्कृति नहीं है. यहां त्यौहार का बाजारवाद भी नहीं है। यहां घर-घर दीपक पहुंचाकर लोगों को जीवन के उजले पक्ष का संदेश देने की कोशिश है। ग्रामीणों के पास खेती किसानी के अलावा सबसे बड़ी संपत्ति पशुधन की होती है। यह पशुधन की पूजा का भी पर्व है. गौरी-गौरा का पूजन करने और गौमाता को सजा-धजाकर खिचड़ी खिलाने की परम्परा है। और फिर सबकुछ भुलाकर गाड़ा बाजा की धुन पर दोहे पढ़ने और जमकर नृत्य करने की परम्परा है। लोक परम्पराएं इसी तरह लोगों को सामूहिक खुशियों से जोड़ती हैं। उनमें ऊर्जा का संचार करती हैं. माटी-पुत्र और धरती पुत्र जैसी उपमाओं को ऐसे लोग जीवंत बनाते हैं।

## बड़ा हादसा टला : सूखे पेड़ में लगी थी आग फैलने से पहले फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पावर हाउस फलमंडी में बुधवार आधीरात को बड़ा हादसा टल गया। यहां एक सूखे पेड़ में आग लग गई जो तेजी से फैल रहा था। इससे पहले की आग दुकानों तक पहुंचती फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। रात में ही एक और हादसा सुपेला थाने के पीछे भी हुआ। सुपेला थाने के पीछे झाड़ियों में आग लगी जिसे फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाया। इस दौरान एक ही रात में दो हादसे हुए।



मिली जानकारी के अनुसार बुधवार आधी रात लगभग 12 बजे अग्निशमन विभाग के कार्यालय में दो जगह आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियों को रवाना किया। छावनी थाना क्षेत्र में फल मंडी पास सूखे पेड़ में आग लग गई थी जिसे बुझाकर दुकानों तक पहुंचने से रोका गया। बता दें इसी साल की शुरुआत में फलमंडी से लगी बस्ती में भीषण आग लग गई थी जिससे यहां की पूरी बस्ती की स्वाहा हो गई थी।

दूसरी घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। यहां पर थाने के पीछे झाड़ियों में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जहां हादसा हुआ उससे लगी घनी आबादी है। यदि आग आबादी तक पहुंचती तो बड़ी घटना हो सकती थी। आग के कारण आसपास के रहवासी इलाके में चारों ओर धुआं भर गया था। अग्निशमन कर्मी एफ प्रवीण बारा, नागेश मारकण्डे, पराग भोसले, धर्मेंद्र बंजारे, महेंद्र कुमार चंदेल सहित नगर सैनिक डाला राम साहू, राजेश साहू, राजू लाल, डीहार देशमुख आदि ने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संपादकीय

# राजनीति में मुद्राएं

राजनीति जब जनसेवा से इतर अपने लिए प्रतीक या मुद्दे खोजने लगती है, तो न केवल चिंता होती है, बल्कि अफसोस का भाव भी जागता है। क्या भारतीय मुद्रा पर किसी देव या देवी की मूर्ति का होना जरूरी है? क्या ऐसा होने से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा? क्या ऐसा होने से देश में माहौल दैवीय हो जाएगा? अब ऐसे कई सवाल उठाए जाने लगे हैं, जिनके लिए हमारे लोकतंत्र में न जगह है और न समय। देश के संविधान की यही भावना है कि कोई भी राजनीतिक दल वोट के लिए धर्म या उसके प्रतीकों का इस्तेमाल न करे। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां शासन-प्रशासन या राजनीति को किसी एक धर्म के प्रति विशेष झुकाव नहीं रखना चाहिए। मुद्रा पर महात्मा गांधी के फोटो का औचित्य समझा जा सकता है, लेकिन अगर वहां देवताओं की तस्वीरें लगेंगी, तो एक नया सिलसिला शुरू होगा। अन्य धर्मों की ओर से भी ऐसी ही मांग उठेगी और शायद मुद्रा का धार्मिकीकरण हो जाएगा। जो दल मुद्रा पर देव-देवी की तस्वीरों के पक्षधर हैं, उन्हें संविधान की रोशनी में व्यावहारिक तर्क के साथ ही अपने दावे को बल देना चाहिए। भारत में डाक टिकट जारी करते हुए भी बहुत सावधानी बरती गई है। रामायण श्रृंखला के टिकट जारी हुए करीब पांच साल बीते हैं। धार्मिक संतों पर टिकट जारी हुए हैं, पर इसमें भी काफी सावधानी से काम लिया गया है, लेना भी चाहिए। थाईलैंड या इंडोनेशिया जैसे देशों की बात अलग है, जहां कुछ धर्मों को आधिकारिक रूप से मान्यता मिली हुई है और उन धर्मों के प्रतीकों वाली मुद्रा भी चलन में रही है। वैसे भारत में देवताओं की तस्वीर वाली मुद्राओं की मांग नई नहीं है। यह तर्क पुराना है कि ज्ञान, कला और विज्ञान के देवता के रूप में भगवान गणेश के फोटो को भारतीय मुद्रा पर चित्रित किया जा सकता है। धन की देवी लक्ष्मी को भी मुद्राओं पर दर्शाया जा सकता है। लेकिन हम अच्छे से जानते हैं कि भारत में एक समुदाय की धार्मिक भावना दूसरे समुदाय को आहत कर देती है और इसीलिए ऐसे किसी फैसले से बचना चाहिए। एक मांग तो यह भी है कि नोटों पर किसी इंसान की तस्वीर न रहे, यह भी विमर्श का विषय है। बहरहाल, क्या हमें इंडोनेशिया सरकार से सीखना चाहिए? ध्यान रहे कि आधिकारिक तौर पर वहां छह धर्मों को मान्यता मिली हुई है, जबकि भारत में किसी धर्म को आधिकारिक मान्यता नहीं है। विवाद से बचने के लिए ही संविधान निर्माताओं ने न तो ईसाई परंपरा का ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया और न सनातन परंपरा का विक्रम संवत। हमने शक संवत को आधिकारिक मान्यता दी। हां, इंडोनेशिया का हमें अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि वहां की राजनीति या नीतियां कट्टरता को पोषित नहीं करती हैं। वहां लगभग 87 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, वह सबसे अधिक आबादी वाला मुस्लिम राष्ट्र है। वहां महज 1.7 प्रतिशत आबादी हिंदू है। फिर भी उस देश की मुद्राओं पर शिव, गणेश इत्यादि के चित्र मिल जाते हैं। पर ध्यान रहे, भारत और इंडोनेशिया में अंतर है। यहां विभिन्न धर्मों में लोगों की सोच परस्पर उस तरह मेल नहीं खाती, जिस तरह इंडोनेशिया में हम देखते हैं। अगर भारत को अपनी मुद्राओं पर धार्मिक प्रतीक चाहिए, तो सभी दलों को मिल-बैठकर विचार करना होगा। साथ ही सांविधानिक प्रावधानों को परखते हुए आगे बढ़ना होगा। अगर हम केवल राजनीतिक गणित देखकर चलेंगे, तो सांप्रदायिक राजनीति के दलदल में उतरते चले जाएंगे।

> “ जो दल मुद्रा पर देव-देवी की तस्वीरों के पक्षधर हैं, उन्हें संविधान की रोशनी में व्यावहारिक तर्क के साथ ही अपने दावे को बल देना चाहिए। भारत में डाक टिकट जारी करते हुए भी बहुत सावधानी बरती गई है। रामायण श्रृंखला के टिकट जारी हुए करीब पांच साल बीते हैं। धार्मिक संतों पर टिकट जारी हुए हैं, पर इसमें भी काफी सावधानी से काम लिया गया है, लेना भी चाहिए।

> “ दिलचस्प बात है कि सरकारी नौकरियों के प्रति आकर्षण अन्य विकासशील देशों में भी खूब दिखाई देता है। जैसा कि अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो गुड इकोनॉमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स में इन देशों के संदर्भ में लिखते हैं : सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी निजी क्षेत्र के औसत वेतन से दोगुने से अधिक कमाते हैं और इसमें उदार स्वास्थ्य सुविधा तथा पेंशन लाभों की गिनती नहीं हो रही है।

# सरकारी नौकरियों का इंतजार भारी

विवेक कौल, आर्थिक विशेषज्ञ व लेखक




पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (यूपीपीईटी) के लिए यात्रा करने वाले युवाओं की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे। ऐसा अनुमान है कि लगभग 38 लाख उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से कुछ सचमुच अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए जान की बाजी लगाकर ट्रेन से सफर कर रहे थे। रेलवे स्टेशन खचाखच भरे थे और रेलों की बोगियां भी।

आमतौर पर सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाएं उम्मीदवारों को उनके घर, गांव या कस्बे, शहर में परीक्षा देने की मंजूरी नहीं देती हैं, जिसके चलते उन्हें अपने उन परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए यात्राएं करनी पड़ती हैं, जो अक्सर दूर होते हैं।

1990 के दशक में बिहार सरकार द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा देने के दौरान मुझे इसी तरह के हालात का सामना करना पड़ा था। जब मैं रांची में रहता था, जो उस समय दक्षिण बिहार (और अब झारखंड) में था, मेरा परीक्षा केंद्र उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर में था। मुजफ्फरपुर जाने वाली बसें और ट्रेनें खचाखच भर गई थीं। शहर में होटल और लॉज थे, लेकिन कई छात्रों को रेलवे स्टेशन पर परीक्षा से पहले रात बितानी पड़ी थी। छात्रों की इस अचानक पहुंची भारी भीड़ को संभालने की क्षमता न तो मुजफ्फरपुर और न ही भारतीय रेलवे के पास थी। बहरहाल, आखिर सरकारी नौकरियों के प्रति इतना आकर्षण क्यों है? वास्तव में निचले और मध्यम स्तर की सरकारी नौकरियां अधिकांश निजी नौकरियों की तुलना में बहुत बेहतर कमाई का जरिया होती हैं। नवंबर 2015 में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करने वाले सातवें वेतन आयोग ने अहमदाबाद में भारतीय प्रबंधन संस्थान को इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिए कहा था। संस्थान की रिपोर्ट में एक अध्ययन के हवाले से कहा गया था कि एक सामान्य हेल्पर, जो सरकार में सबसे कम रैंक वाला कर्मचारी होता है, का कुल वेतन-भत्ता 22,579 रुपये है, जो निजी क्षेत्र के उपक्रमों के एक सामान्य हेल्पर के वेतन-लाभ से दोगुना है। निजी क्षेत्र में इसी रैंक के हेल्पर 8,000 से 9,500 रुपये तक पाते हैं।

यह परिदृश्य साफ तौर पर नहीं बदल रहा है। इसके अलावा, एक सरकारी नौकरी पक्की नौकरी की सुरक्षा के साथ आती है, यह कुछ ऐसा है, जो महामारी के बाद की दुनिया में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इससे पता चलता है कि क्यों हम नियमित रूप से निम्न स्तर की सरकारी नौकरियों के लिए भी इंजीनियरों, पीएचडी और एमबीए धारकों को आवेदन करते देखते हैं।

दिलचस्प बात है कि सरकारी नौकरियों के प्रति आकर्षण अन्य विकासशील देशों में भी खूब दिखाई देता है। जैसा कि अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो गुड इकोनॉमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स में इन देशों के संदर्भ में लिखते हैं : सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी निजी क्षेत्र के औसत वेतन से दोगुने से अधिक कमाते हैं और इसमें उदार स्वास्थ्य सुविधा तथा पेंशन लाभों की गिनती नहीं हो रही है। यह लोगों की धारणा को उस ओर ले जाता है, जहां सरकारी क्षेत्र की नौकरियां निजी क्षेत्र की नौकरियों की तुलना में बहुत अधिक मूल्यवान लगने लगती हैं। लगभग हर किसी को इनका इंतजार रहता है। अक्सर होता यह है कि एक युवा के कामकाजी जीवन का एक अच्छा-खास हिस्सा इंतजार में ही खर्च हो जाता है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा प्रकाशित बेरोजगारी के आंकड़ों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सितंबर 2022 में 20-24 वर्ष की आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर 41.9 प्रतिशत थी। 25-29 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा, बेरोजगारी लगभग न के बराबर थी।

अब यह हमें क्या बताता है? यह हमें बताता है कि जैसे ही किसी व्यक्ति की उम्र 30 वर्ष होती है, बेरोजगारी एक घटना के रूप में लगभग लुप्त हो जाती है। इस समय तक उम्र बढ़ जाती है और कई युवा ज्यादातर सरकारी नौकरियों के अयोग्य हो जाते हैं या परीक्षा लिखने के लिए जितने मौके मिलते हैं, वो समाप्त हो जाते हैं। यह स्थिति उन्हें निजी क्षेत्र में अनौपचारिक नौकरी करने या वैकल्पिक रूप से स्वरोजगार के लिए मजबूर करती है और इससे भारतीयों के लिए बेरोजगारी दर घट जाती है। एक अर्थशास्त्री ने इसके लिए समाधान बताया है कि सरकारी नौकरियों में वेतन की कटौती की जाए और सरकारी वेतन को असंगठित निजी क्षेत्र के अनुरूप लाया जाए, लेकिन यह व्यावहारिक नहीं है। जैसा कि बनर्जी और डुफ्लो बताते हैं, ‘कई विकासशील देशों के श्रम बाजारों में यह द्वंद्व विशेषता है, बिना किसी सुरक्षा के एक बड़ा असंगठित क्षेत्र है, जिसमें कई लोग बेहतर विकल्पों की कमी के चलते स्व-रोजगार करने लगते हैं, या संगठित क्षेत्र में नौकरी मिलने का इंतजार ही करते रहते हैं। संगठित क्षेत्र में कर्मचारियों से न केवल लाड़- प्यार किया जाता है, बल्कि उन्हें दृढ़ता से संरक्षित भी किया जाता है।’ इसके कई दुष्परिणाम हैं। अव्वल तो कई युवा एक सरकारी नौकरी का पीछा किए बिना अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे वर्ष बिताते हैं। दूसरा, निष्क्रिय युवा सामाजिक स्थिरता के लिए हानिकारक हैं। तीसरा, सरकारी नौकरी के प्रति अत्यधिक मोह की यह प्रवृत्ति अर्थव्यवस्था में समग्र निजी खपत को नुकसान पहुंचाती है। पीटर जीहान द एंड ऑफ द वर्ल्ड इज जस्ट द बिगिनिंग : मैपिंग द कोलैप्स ऑफ ग्लोबलाइजेशन में लिखते हैं, ‘एक व्यक्ति अपना अधिकांश खर्च 15 और 45 की उम्र के बीच करता है, यही जीवन की खिड़की है, जब लोग कार खरीद रहे होते हैं (भारतीय संदर्भ में दोपहिया वाहन), घर खरीद रहे होते हैं, इस तरह की खपत वाली गतिविधि ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती है।’ अतः 30 वर्ष की आयु तक पहुंचने तक कई युवा जब बेरोजगार रहते हैं, तो अर्थव्यवस्था को वैसी गतिशीलता या तेजी नहीं मिल पाती है, जैसी मिलनी चाहिए।

अंत में, यहां कम खपत का तात्पर्य भारतीय अर्थव्यवस्था में वस्तुओं व सेवाओं की कम मांग से है। इसका मतलब है कि क्या व्यवसायों को अपनी क्षमता का विस्तार करने की जरूरत नहीं है? रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि भारत में विनिर्माण कंपनियां एक दशक से अपनी क्षमता का तीन-चौथाई से कम उपयोग कर रही हैं। ऐसे में, निजी क्षेत्र में कम नौकरियों का सृजन हो रहा है, इसीलिए बेरोजगारी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जीवन साथी चुनने की राह में अब भी रोड़ा बनते लोग

हरबंश दीक्षित, विधि विशेषज्ञ



अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने के अधिकार पर न्यायालय ने फिर अपनी मुहर लगा दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपने निर्णय में एक बार फिर साफ कर दिया कि अपनी पसंद से शादी करना संविधान के अनुच्छेद 21 में दी गई निजी आजादी का मूल तत्व है। मौजूदा मामला लड़की की सुरक्षा से सम्बंधित था। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया था कि उसकी पत्नी के परिजनों ने लड़की का अपहरण करके उसकी बेरहमी से पिटाई की थी, क्योंकि उसने घर वालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी। लड़की के घरवालों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया था और उससे जुड़े जमानत के मुकदमे में सुनवाई के दौरान अदालत की यह टिप्पणी आई है।

न्यायमूर्ति मेंदीरता की पीठ ने कहा कि वयस्क व्यक्ति का अपनी पसंद से विवाह करने का अधिकार हमारे मूल अधिकार का हिस्सा है और ऐसे मामलों में पुलिस से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे लोगों को सुरक्षा दे। यह सच है, हमारे देश में सांविधानिक अधिकार व सामाजिक मान्यताओं के बीच अभी भी लंबा फासला है। एक ओर, संविधान और कानून का एक औपचारिक ढांचा है, जो विवाह योग्य लोगों को अपने पसंद का जीवन साथी चुनने का अधिकार देता है, तो दूसरी ओर, उसके विरोधी भी हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार हमारा मूल अधिकार है। निजता के अधिकार में अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का भी अधिकार है। वैसे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी स्पष्ट विवेचना की है। शक्तिवाहिनी बनाम भारत संघ (2018) शाफीन जहां बनाम अशोक (2018) तथा अमित राज बनाम बिहार राज्य (2022) जैसे असंख्य मामले मिसाल हैं। इसके बावजूद अभी भी जनमानस इसे पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पा रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के मुताबिक, तीन में से तकरीबन दो लोग अपने धर्म से बाहर शादी करने के खिलाफ हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के मामलों में लोग कुछ ज्यादा ही सामन्ती सोच के हैं। सर्वे के मुताबिक, जवाब देने वाले 67 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनके समुदाय की महिलाओं के अन्तर-धार्मिक विवाह को रोका जाए। भारत में कुछ समुदायों में दूसरे समुदाय के लोगों से विवाह को मान्यता नहीं दी जाती है। वैसे इससे निपटने के लिए हमारे यहां कानूनी ढांचा उपलब्ध है। हमारी संसद ने 1954 में स्पेशल मैरिज ऐक्ट बनाया था। यह कानून किसी व्यक्ति को उसकी आस्था के मुताबिक नहीं, अपितु एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में मान्यता देता है। इसके अंतर्गत अलग-अलग समुदाय के लोग बिना धर्म परिवर्तन किए विवाह कर सकते हैं। इस तरह के वैवाहिक संबंधों के विरोधियों का पहला तर्क यह होता है कि उनके बच्चे अनुभवहीनता के कारण भावनाओं में बहकर विवाह कर लेते हैं और उन्हें अपने भविष्य की चिंता नहीं होती है। अच्छे-बुरे निर्णय लेने के मापदंड पर परिजनों और कानून के बीच की खाई बहुत चौड़ी है। कई माता-पिता अपनी बालिग संतानों को भी समझदार मानने को तैयार नहीं होते हैं, लेकिन कानून उम्र को समझदारी का मापदंड मानता है। जैसे हमारे देश में मतदान के मामले में 18 वर्ष की उम्र हो जाने पर हर नागरिक समझदार मान लिया जाता है। लड़कों को 21 वर्ष तथा लड़कियों को 18 की उम्र में शादी लायक या शादी का फैसला लेने लायक मान लिया जाता है, लेकिन समाज का एक बड़ा हिस्सा अभी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। कई बार सामंती सोच हावी होकर प्रेमी या विवाहित जोड़ों की हत्या का कारण बन जाती है। तो इस समाज में युवाओं के लिए रास्ता क्या है? ध्यान रहे, सामंती सोच या हिंसा से वही युवा या युगल बच पाते हैं, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से स्वयं को सक्षम बना लेते हैं। कानून हमें बुनियादी आधार देता है, लेकिन उसका लाभ लेने के लिए हमें खुद सामर्थ्यवान बनना पड़ता है। अब जो समर्थ हैं, जो कानून का लाभ ले रहे हैं, उनकी भी जिम्मेदारी है कि असमर्थ या अक्षम लोगों को भी कानून का पूरा लाभ मिले। सोच बदलने की जरूरत है। संविधान जब हर व्यक्ति को अपनी मर्जी से जीवन साथी चुनने का अधिकार देता है, तो एक सभ्य नागरिक समाज को उसके अधिकारों का सम्मान करना चाहिए, ताकि किसी के साथ ज्यादती न हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कांग्रेसः राहुल ही अंतिम आशा

कांग्रेस को 24 साल बाद सोनिया परिवार के बाहर का एक अध्यक्ष मिला है। क्यों मिला है? क्योंकि सोनिया-गांधी परिवार थक चुका था। उसने ही तय किया कि अब कांग्रेस का मुकुट किसी और के सिर पर धर दिया जाए। माँ और बेटे दोनों ने अध्यक्ष बनकर देख लिया। कांग्रेस की ताकत लगातार घटती गई। उसके महत्वपूर्ण नेता उसे छोड़-छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होते जा रहे हैं।

ऐसे में कुछ नई पहल की जरुरत महसूस की गई। दो विकल्प सूझे। एक तो भारत जोड़ो यात्रा और दूसरा ढूंढें कोई ऐसा कंधा, जिस पर कांग्रेस की बुझी हुई बंदूक रखी जा सके। भारत कहां से टूट रहा है, जिसे आप जोड़ने चले हैं? वह वास्तव में टूटती-बिखरती कांग्रेस को जोड़ो यात्रा है। इसमें शक नहीं कि इस यात्रा से राहुल को प्रचार काफी मिल रहा है लेकिन कांग्रेस से टूटे हुए लोगों में से कितने अभी तक जुड़े हैं? कोई भी नहीं।

खैर, यात्रा अच्छी है। उससे कांग्रेस को कुछ फायदा हो या न हो, राहुल गांधी के अनुभव में जरुर वृद्धि होगी। लेकिन जो बंदूक नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कंधे पर रखी गई है, वह तो खाली कारतूसों वाली ही है। यह तो सबको पता था कि शशि थरुर को तो हारना ही है लेकिन उनको हजार से ज्यादा वोट मिल गए, यही बड़ी बात है। इतने वोट सोनिया के विरुद्ध जितेंद्रप्रसाद को नहीं मिले थे। उन्हें तो लगभग 8 हजार के मुकाबले 100 वोट भी नहीं मिले थे।



इसका कारण है, जितेंद्रप्रसाद, जिसके विरुद्ध अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे थे, वह महिला अपने पांव पर खड़ी थी लेकिन खड़गे तो बैसाखी पर फुदक रहे थे। चुनाव अभियान के दौरान खड़गे ने कई बार यह स्पष्ट कर दिया की वे रबर की मुहर बनने में ही परम प्रसन्न होंगे। थरुर भी खड़गे को चुनौती दे रहे थे और उन्होंने उन्हें टक्कर भी अच्छी दे दी लेकिन दबी जुबान से वे भी स्वामीभक्ति प्रकट करने में नहीं चूक रहे थे।

याने गैर-गांधी अध्यक्ष आ जाने के बावजूद कांग्रेस जहां की तहां खड़ी है और वह ऐसे ही खड़ी रहेगी, ऐसी आशंका है। क्या थरुर के पास कोई नए विचार, नई नीतियां, नई रणनीति, नया कार्यक्रम और नए कार्यकर्त्ता हैं, जो इस अधमरी कांग्रेस में जान फूंक सकें? थरुर में ऐसी किसी क्षमता का परिचय आज तक नहीं मिला। ऐसी स्थिति में यह क्यों नहीं मान लिया जाए कि खड़गे को जो भी आदेश ऊपर से मिलेगा, कांग्रेस उसी रास्ते पर चलती रहेगी।

शशि थरुर भी जितेंद्रप्रसाद की तरह खड़गे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लगेंगे। हाँ, राहुल गांधी जो कि इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक हैं, यदि वे चाहें तो अपनी पार्टी में प्राण फूंक सकते हैं। वे ही अंतिम आशा हैं लेकिन यह तभी होगा जबकि वे थोड़ा पढ़े-लिखें, जन-सम्पर्क बढ़ाएं और पार्टी तथा बाहर के भी अनुभवी लोगों से परामर्श करें और मार्गदर्शन लें। यदि यह नहीं हुआ तो कांग्रेस का हाल भी वही होगा, जो लोहिया की समाजवादी पार्टी और राजाजी की स्वतंत्र पार्टी जैसी कई पार्टियों का हुआ है। यदि ऐसा हुआ तो भारतीय लोकतंत्र के निरंकुश होने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

## व्यक्ति भीतर संसार

बचपन में वस्त्र-निर्माण की कथा पढ़ी थी। तब तो वह केवल कुछ अंकों की प्राप्ति के लक्ष्य के अंतर्गत याद की जाती रही, पर जब मस्तिष्क के तंतु खुलने लगे, तो पूरी कथा का मर्म समझ में आने लगा। यूं तो कपास का पौधा फिर उससे धागा, उसके पश्चात बुनाई, फिर रंगाई, उसके बाद वस्त्र विक्रेता, खरीददार व दर्जी और अंततः परिधान से व्यक्तित्व की सजावट, इतने अधिक आयामों को निभाने के बाद एक तंतु परिधान तक की अपनी यात्रा संपूर्ण करता है। यूं तो यह एक रोचक कथा मात्र है, पर यदि इसकी बारीकियों को देखा जाए, तो मालूम होता है कि यह एक तंतु अनेक गुंफन के साथ कितना कष्टकारी जीवन बिताता चलता है। यहां आकर मन की कल्पना सकारात्मकता की परिधि में आती है, तब चिंतन भी गहराने लगता है। समझदार ने उसे जोड़कर वस्त्र का निर्माण कर डाला और नासमझ ने उलझन समझकर कूड़ेदान में फेंक दिया।

परिवार भी एक कपास के पौधे की भांति ही फलीभूत होता है। जीवन के संयोजन में एक अनुभवी कलाकार के हाथ से जब अनुशासन, संस्कार, संस्कृति, जीवन जीने की कला के मध्य, हस्तशिल्प के साथ मस्तिष्क भी संवेदनशील होता है, तब जाकर एक जीवन का निर्माण होता है और वही धारण करने योग्य बनता है। तभी व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कहा जा सकता है। व्यक्ति एक इकाई है, लेकिन दो होने से दहाई है। तीन हो जाएं, तो सैकड़ा कहलाता है...। व्यक्ति एक इकाई है, पर वह अपने गुण इतने अधिक विकसित और वितरित करता है कि अंततः माता-पिता इकाई न रहकर लाखों के बराबर हो जाते हैं। कहा भी जाता है कि अरे भई, वह तो लाखों में एक है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग



Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196



Surana Jewellers
Certified Gems
Mo. 9303452485
Jawahar Chowk, Durg

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)



कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन






सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### जिले के गौठानों में मनाया गया उत्साहपूर्वक गौठान दिवस

## कलेक्टर और जिला पंचायत अध्यक्ष ने विधि विधान से गोवर्धन पूजा कर खिलाई मवेशियों को खिचड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के गौठानों में गौठान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गौठानो में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं जिला स्तरीय गौठान दिवस कार्यक्रम का आयोजन लोरमी विकासखंड के ग्राम औराबांधा में किया गया। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर और कलेक्टर श्री राहुल देव ने विधि विधान से गोवर्धन की पूजा अर्चना कर मवेशियों को खिचड़ी खिलाई और जिलेवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



इस अवसर पर उन्होंने जिले के नागरिकों को गोवर्धन पूजा और गौठान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दिन गायों की पूजा करने की परम्परा रही है। आज बहुत खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप गोवर्धन पूजा को गौठान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल की सोच है कि समाज के सभी वर्ग आगे बढ़े। उनके इसी मंशा के अनुरूप किसान, मजदूर, महिला, युवा सहित सभी वर्गो को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ किया, बिजली बिल हाफ किया। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। गौठान के माध्यम से अब स्व सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। आज महिलाएं समूह के माध्यम से व शासन की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों से जुड़कर सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही है।

कलेक्टर श्री राहुल देव ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम औराबांधा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गौठानों को मल्टीएक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। पशुपालक किसानों से गोबर की खरीदी की जा रही है। स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और अन्य उपयोगी सामग्री बनाए जा रहे हैं। उन्होंने गौठान दिवस की सभी को बधाई दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डी. एस. राजपूत ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया। जनपद पंचायत लोरमी की उपाध्यक्ष श्रीमती खुशबू आदित्य वैष्णव ने कहा कि गोवर्धन दिवस के अवसर पर अपने जीवन में कभी क्रोध और अहंकार नहीं करने का संकल्प लें। उन्होंने गौठान की उपयोगिता भी बताई और किसानों को अपने मवेशियों को गौठानो में भेजने की अपील की। इस अवसर पर जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय में सर्वाधिक गोबर विक्रेताओं, सर्वाधिक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक स्व सहायता समूह और उन्नत नस्ल के पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान कला जत्था समूह द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, लोरमी एसडीएम श्रीमति पार्वती पटेल, ग्राम के सरपंच श्रीमति प्रियंका सुरेश साहू जनप्रतिनिधि जवाहर साहू, श्रीमति उर्मिला रमेश यादव, विद्यानंद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## चेम्बर ऑफ़कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्षानुसार आज दिनांक 25 अक्टूबर, 2022 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे चेंबर संरक्षक से लेकर सलाहकार, प्रदेश प्रभारी आईटी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रदेश मंत्री, कार्यकारी सदस्य, उद्योग चेंबर, ट्रांसपोर्ट चेंबर, महिला चेंबर, युवा चेंबर एवं विभिन्न व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित पुरे प्रदेश के चेंबर पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने समारोह के शुभारंभ में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित प्रदेश के समस्त व्यवसायियों-उद्योगपतियों तथा आम जनता को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं समारोह में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से दीप भी जलाये। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

श्री पारवानी जी चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों को संबोधित कर दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए कहा कि रौशनी का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है, इस पावन अवसर पर आओ हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएँ।

### खास खबर

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का हुआ वृहद आयोजन

**रायगढ़।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देश पर बीते 23 अक्टूबर को जिला आयुर्वेद कार्यालय में आयुर्वेद दिवस का वृहद आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जिला नोडल अधिकारी डॉ.प्रशांत कुमार सक्सेना ने बताया कि 26 सितंबर 2022 से 23 अक्टूबर तक हर घर आयुर्वेद घर-घर आयुर्वेद विषय पर इस वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में सम्पूर्ण जिले में पहले सप्ताह में आयुर्वेद और आहार, दूसरे में आयुर्वेद और वृद्धजन, तीसरे सप्ताह में आयुर्वेद और मानसिक स्वास्थ्य एवं चौथे सप्ताह में आयुर्वेद और अनुभव विषय पर विभिन्न आयोजन किये गए। साथ ही उन्होंने बताया कि अब प्रति सप्ताह हर गुरुवार को सभी आयुष एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में 60 वर्ष से ऊपर के मरीजों का मुफ्त इलाज प्रारम्भ किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.अश्विनी कुमार शर्मा एवं डॉ. वी.के.अम्बवानी उपस्थित रहे। डॉ अम्बवानी ने आयुर्वेद को व्यापद रहित बताया तो वहीं डॉ.शर्मा ने जन-जन तक आयुर्वेद को पहुंचाने और उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.एस.बी.यादव, डॉ अवधेश महापात्रे, डॉ.रजनी पटेल, डॉ.एस.कर आदि ने अपने विचार रखे। चिकित्सकों ने लोगो को आयुर्वेद की विशेष विधा पंचकर्म के द्वारा किये जाने वाले जादुई इलाज के बारे में बताते हुए जनसामान्य से इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग किये जाने का आव्हान किया। जिस तरह जिले के सभी आयुष चिकित्सकों ने प्रथम पंक्ति में खड़े होकर सभी जगह पर निर्भिक होकर सेवा दी उसकी प्रदेश स्तर पर बहुत प्रशंसा की गई है।

### मंत्री डॉ. टेकाम ने 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण

## नवीन अस्पताल भवन निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा-डॉ. टेकाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** स्कूल शिक्षा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज बलरामपुर जिले के विकासखंड वाड्रफनगर के रघुनाथनगर में नवनिर्मित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में नवीन 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारम्भ कर बच्चों को खीर-पूड़ी एवं फल खिलाया। मंत्री डॉ. टेकाम ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशनकार्ड, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा, स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र, 10 काश्तकारों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि 14 लाख 12 हजार 146 रुपये का चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें-मुन्हे बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई।

मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित लोगों को दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह एक दूरस्थ क्षेत्र है और मुख्यमंत्री के घोषणा से इस क्षेत्र के लोगों को अच्छे चिकित्सक, दवाइयां तथा बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके, इसलिये रघुनाथनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया जा रहा है। मंत्री डॉ. टेकाम ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हाट-बाजारों में आने वाले लोगों को सहजता से स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना की शुरुआत की गई है तथा लोगों को कम कीमतों पर दवाइयां उपलब्ध हो सके, इसके लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का संचालन किया जा रहा है।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 1 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी करने का निर्णय लिया है, इसके लिए शासन ने पूरी तैयारी कर ली है। राज्य शासन ने गोठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित किया है, जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न कार्य कर आर्थिक रूप से मजबूत तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर बलरामपुर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दीपक निकुंज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह, सहायक आयुक्त आदिवास विकास श्री आर.के.शर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री बघेल से छठ महापर्व आयोजन समिति, महादेव घाट रायपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात



### मुख्यमंत्री को दिया छठ पूजा में शामिल होने का आमंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके भिलाई स्थित निवास में मंगलवार को छठ महापर्व आयोजन समिति, महादेव घाट रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने समिति के प्रमुख राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को खारुन नदी के महादेव घाट पर आयोजित होने वाले छठ पूजा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि राजधानी रायपुर के पौराणिक हटकेश्वर महादेव धाम में पवित्र खारून नदी के महादेव घाट पर मनाया जाने वाले छठ पर्व का अपना एक विशेष आकर्षण है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए छठ व्रतियों को शुभकामनाएं दी।

छठ पूजा आयोजन समिति के प्रमुख श्री राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चार दिवसीय छठ पूजा पर्व 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस वर्ष नहाय-खाय 28 अक्टूबर को मनाया जायेगा। लोहंडा एवं खरना 29 अक्टूबर को होगा, संध्या अर्ध्य 30 अक्टूबर को होगा और उषा अर्ध्य 31 अक्टूबर को होगा।

इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, समिति के सदस्य सर्वश्री सुनील सिंह, कन्हैया सिंह, शिवशंकर सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## गौठानों में मनाया गया गौठान दिवस

### गौ माता की पूजा कर खिचड़ी एवं चारा खिलाया और जिले तथा प्रदेश की सुख, शांति, एवं समृद्धि की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले के गौठानों में गौठान दिवस मनाया गया। जनपद पंचायत रामानुजनगर के ग्राम पंचायत पस्ता गौठान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रेमनगर विधायक खेल साय सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, रामानुजनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह, जिला पंचायत सदस्य शशि सिंह,कलेक्टर इफ्फत आरा, जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गौठान समिति के सदस्यों और स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गौ माता की पूजा की। उन्हें खिचड़ी एवं चारा खिलाया और जिले तथा प्रदेश की सुख , शांति एवं समृद्धि की कामना की। खेल साय सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाया है। उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए गौठानों में आजीविका गतिविधियों के जरिए लोगों को खासकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण जनों एवं महिला स्व सहायता समूह को बेहतर कार्य कर आर्थिक लाभ कमाने प्रेरित किया। उन्होंने मवेशियों को अच्छा देखभाल करने के लिए कहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने भी गौठानो में आजीविका गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दी। इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, रामानुजनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह, जिला पंचायत सदस्य शशि सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राज्य शासन द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नरवा गरवा घुरवा बाड़ी विकास की योजनाएं संचालित किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं एवं महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जोड़कर आर्थिक क्षेत्र में सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने गौठान से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने ग्रामीण जनों से आग्रह किया। कलेक्टर इफ्फत आरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन के मंशा अनुसार प्रत्येक पंचायत में गौठान का विकास किया जा रहा है जहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण, बकरी पालन, मशरूम पालन, मत्स्य पालन सहित बाड़ी विकास कर महिला स्व सहायता समूह द्वारा लाभ अर्जित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुधन हमारे लिए प्रासंगिक है पशुओं की बेहतर सेवा कर सभी क्षेत्रों में लाभ अर्जित किया जा सकता है।

### गरियाबंद पुलिस ने सियान सदन पहुंचकर असहाय लोगों से पूछा कुशल क्षेम, कराया मुंह मीठा

**गरियाबंद।** जिसका कोई नही उनसे सीटी कोतवाली पुलिस मिलकर उनका कुशलक्षेम जानकार दीपावली के चलते उनका मु मीठा कराए।ज्ञात हो कि ग्राम कोकडी भिलाई में संचालित वृद्धाश्रम सियान सदन में लगभग बीस ऐसे बुजुर्ग निवास करते है ,जिन्हें उनके परिवार और समाज के लोगो त्याग चुके है ,उनका घर और समाज सिर्फ यही सियान सदन है वहा निवासी करने वाले सभी बुजुर्ग ही एक दूसरे का परिवार है चाहे वे किसी भी जाति य धर्म के हो ।






## खास खबर

### संसार में दुखी प्राणियों को जो दुख से उठाकर सुख प्रदान करता है वही उत्तम धर्म है : आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर (ए)।** जितना जीवन मिला है आनंद के साथ जिओ, पर्याय विलीन हो जाएगी,किसने देखा है कौन कब इस संसार से जाएगा, इसलिए धर्म के साथ जिओ, पर धर्म को समझ कर जिओ। संसार में जो दुखी प्राणियों को दुख से उठाकर सुख प्रदान कर दे उसी का नाम उत्तम धर्म है। धर्म नाम से प्रभावित मत होना,धर्म का स्वरूप समझना। मित्रों धर्म का मर्म समझो,जो वीतरागता से युक्त है, सरागता का निश्रण करता है, वीतराग मार्ग का व्याख्यान करने वाला है, अहिंसा परम ब्रह्म की बात करने वाला है, ऐसा धर्म ही आपको सिद्धि प्रदान करेगा। यह उपदेश सन्मति नगर फाफाडीह में जारी चतुर्मासिक प्रवचनमाला में बुधवार को आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने दिया। आचार्य ने कहा कि महान योगियों ने श्रुत को प्रवाहमान किया है, वही श्रुत को आचार्य पदमनंदी स्वामी ने धम्म रसायण ग्रंथ में निबंधित किया है। धर्म शब्द को सुनकर बहुत सुंदर लगता है, लेकिन आचार्य पदमनंदी स्वामी कह रहे हैं कि मित्र शीघ्र प्रभावित मत हो जाना। पशु-पक्षी भी सुंदर डाली,पुष्प लताओं,फ्ल को देखकर तुरंत प्रभावित नहीं होते हैं। हर पत्ती को नहीं खाते हैं,घास को भी सूंघ-सूंघ कर चरते हैं। यदि अचानक खराब घास मुंह में आ जाए तो तुरंत मुख से बाहर कर देते हैं,आप तो मनुष्य हो, समझदार जीव हो, विवेकशील हो, मननशील हो, मनुष्य की पहचान ही है,जो मननशील व चिंतनशील है उसका नाम मनुष्य है।

आचार्य ने कहा कि पशुओं से सीखो जो घास को भी सूंघ कर चरते हैं,हाथी से सीखो फूंक फूंक कर जमीन पर पैर रखता है। यदि किसी धर्म को स्वीकार करने के परिणाम आपके चल रहे मन में, चल रहा कि धर्म करूं या न करूं, अरे मित्रों धर्म तो करो लेकिन पहले यह तो देखो कि वह धर्म मजबूत है कि नहीं।

### संबोधि ध्यान योग शिविर 28 से सिखाए जाएंगे विशेष प्रयोग

**रायपुर (ए)।** ललितप्रभ महाराज और डॉ मुनि शांतिप्रिय सागर महाराज के सान्निध्य में संबोधि ध्यान योग शिविर का आयोजन एमजी रोड स्थित जैन दादावाड़ी में 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक प्रातः 6 से 8:30 बजे तक होगा।जीवन में फिजिकल, मेंटल और स्प्रिचुअल पावर बढ़ाने के लिए इस शिविर में प्रतिदिन योग एवं अध्यात्म के पावरफुल प्रयोग करवाए जाएँगे। यह शिविर जीवन जीने की कला का आध्यात्मिक प्रशिक्षण है। इस शिविर से हम आरोग्य पूर्ण, आनंद पूर्ण और ऊर्जावान जीवन के मालिक बनेंगे। यह शिविर हमें क्रोध, चिंता एवं मानसिक अशांति जैसे नेगेटिव भावों से बाहर निकालेगा और मन में शांति-समाधि घटित करते हुए हृदय में प्रेम, करुणा और भक्ति जैसे दिव्य गुणों को साकार करेगा। शुक्रवार से शुरू होने वाले इस 5 दिन के शिविर में स्वस्थ, सफल एवं मधुर जीवन जीने के लिए योग, प्राणायाम, क्रियायोग और ध्यान योग के व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक प्रयोग सिखाए जाएंगे। समरूपता के लिए शिविर में भाई-बहिन श्वेत वस्त्र धारण करेंगे। शिविर में सम्मिलित होने के लिए जैन दादावाड़ी में 27 नवंबर गुरुवार तक पंजीकरण फॉर्म भरकर स्वीकृति पत्र प्राप्त कर सकते हैं। शिविर के पश्चात अल्पाहार भी दिया जाएगा।

### मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में अगले साल 5 से 7 जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कान्फ्रेंस के संबंध में विभिन्न विभागों की प्रगति और तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

जैन ने मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए आवश्यक जानकारी और तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, योजना विभाग के सचिव गौरव द्विवेदी, उर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव भुवनेश यादव सहित वित्त, नगरीय प्रशासन एवं अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

---

#### मुख्यमंत्री निवास में गोवर्धन और देवारी तिहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपरिवार गौरी-गौरा गोवर्धन पूजा कर गौ-माता को खिचड़ी खिलाई

### लोकधुनों के बीच सुआ नर्तक दल और राउत नाचा दल ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में हर साल की तरह इस साल भी गोवर्धन और देवारी तिहार पारंपरिक हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। निवास में आयोजित देवारी तिहार एवं गोवर्धन पूजा उत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल और परिवार के सदस्यों के साथ गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजा की और गौमाता को खिचड़ी खिलाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने गौवंश के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक पर्व पर गौ माता को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाकर परंपरा का निर्वहन किया।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर देवरी, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, मातर अउ गौठान दिवस की बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि कोरोना के बाद छत्तीसगढ़ में दीपावली बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। दीपावली के कुछ दिन पहले 17 अक्टूबर को न्याय योजनाओं के अंतर्गत लगभग 1900 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किसानों, पशुपालकों, स्व-सहायता समूहों, भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में किया गया। इसके साथ ही कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी और बिजली कर्मचारियों को भी दीवाली पर बोनस दिया गया। इससे छत्तीसगढ़ में इस साल बहुत उत्साह से दीपावली मनाई गई।

उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में एक दूसरे के घर में दीपक पहुंचाने की परंपरा रही है। यह परंपरा लक्ष्मी पूजा से शुरू होती है, गौरा-गौरी पूजन, गोवर्धन पूजा तक इसका निर्वहन होता है। दीपावली, भगवान राम के अयोध्या आगमन के उत्सव का त्यौहार है। इस त्यौहार के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा मनाई जाती है, भगवान कृष्ण जो स्वयं एक क्रांतिकारी विचारक थे उन्होंने न केवल अपने विचारों से बल्कि कार्यों से भी पूरी दुनिया को संदेश दिया। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत और पशुधन की पूजा को प्राथमिकता दी। हमारी सरकार भी गौ-माता की सेवा करने का काम कर रही है। पशुपालकों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

इस मौके पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, जिला सहकारी बैंक रायपुर अध्यक्ष पंकज शर्मा, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति ममता चंद्राकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख कमला दीदी, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, महापौर रायपुर एजाज ढेबर सहित दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, बिलासपुर, कबीरधाम सहित पूरे प्रदेश से आए नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाज के सदस्य मुख्यमंत्री निवास में उपस्थित थे।

इस उत्सव के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार देवारी तिहार और गोवर्धन पूजन उत्सव के लिए मुख्यमंत्री निवास की साज-सज्जा, पारंपरिक ढंग से की गई। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बॉड़ी को भी आकर्षक ढंग से दिखाया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में गोवर्धन पूजा के दिन गायों की पूजा करने की परम्परा है। गायों को सजा-धजा कर उनकी पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाती है और गोधन के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट किया जाता है। इसी तरह यादव समाज के लोग गोवर्धन पूजा के दिन गावो और शहरों में राउत नाचा करते है। इस नृत्य में पशुधन की वृद्धि, फसल उत्पादन बढ़ाने की कामना के साथ ही सभी की मंगलकामना की जाती है।



### मुख्यमंत्री ने लोक कलाकारों का किया उत्साहवर्धन

देवारी तिहार एवं गोवर्धन पूजा उत्सव में जय मां सरस्वती समूह की महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया वेशभूषा में मनमोहक सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी और मगरलोड धौराभांठा के कलाकारों द्वारा बड़े उत्साह के साथ छत्तीसगढ़िया वाद्य यंत्रों एवं पारंपरिक वेशभूषा के साथ राउत नाचा की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पारंपरिक वेशभूषा में राउत नर्तक दलों के बीच पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया। यादव समाज द्वारा राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति पर मुख्यमंत्री अपने आप को नहीं रोक न सके और राउत नाचा नर्तक दल के साथ वे भी पारंपरिक वेश-भूषा में दल में शामिल हुए, उन्होंने गाड़ा बाजा की धुन पर नर्तक दल के सदस्यों के कदम से कदम मिलाकर राउत नाच में उनका साथ दिया। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में लोक कलाकारों का प्रोत्साहन करते हुए इस मौके पर रावत नाचा के बीच पारंपरिक हाना कहा।

## लोक आस्था का गोवर्धन पर्व सभी के जीवन में नव उर्जा और बंधुत्व का संचार करेः भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने ग्राम बेलौदी में स्वजन और ग्रामीण जनों के साथ मनाया गोवर्धन पूजा

**रायपुर।** अन्नकूट के नाम से भी पहचाने जाने वाली गोवर्धन पूजा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के ग्राम बैलोदी में अपने स्वजनों और ग्रामीण जनों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि लोक आस्था का यह पर्व सभी के जीवन में नव उर्जा और बंधुत्व का संचार करे, हर घर धन धान्य से परिपूर्ण हो। उन्होंने गोवर्धन पर्व को प्रकृति प्रेम व परोपकार का प्रतीक बताया और कहा कि प्रकृति की पूजा और संरक्षण आने वाले भावी पीढ़ियों के लिए अति आवश्यक है, इसलिए सभी को इस पर्व के मूलमंत्र का अनुसरण करना चाहिए।



मुख्यमंत्री बेलौदी में कला मंच में ग्राम वासियों से रूबरू हुए। यहां उनकी उपस्थिति में दिव्य शक्ति से पर्वत को उंगली में उठाए हुए भगवान श्री कृष्ण की आकृति के समक्ष ग्राम वासियों ने हर्षोल्लास के साथ भगवान की पूजा, गाय की परिक्रमा कर परिपूर्ण कराई। ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को टीका लगाया और आपस में एक दूसरे को भी टीका लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। बेलौदी के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ग्रामीण संस्कृति के अनुरूप जोहार भी किया। मुख्यमंत्री ने गांव का भ्रमण कर स्वजनों और ग्रामीणों से भेंट की। साथ ही साथ बच्चों और महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली।




### देवारी-गोवर्धन पूजा के लिए ग्रामीण परिवेश में सजा मुख्यमंत्री निवास

इस विशेष अवसर के लिए छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार धान की बालियां, आम पत्ता, गेंदा फूल से मुख्यमंत्री निवास को सजाया गया। मुख्यद्वार के ऊपर बंसी बजाते कृष्ण भगवान, द्वार के दोनों ओर लाठी लिए राउत नाचा करते पुरुषों के चित्र प्रदर्शित किए गए। अंदरद्वार पर दीप लिए हुए महिलाओं की प्रतिमा और राउत नाचा में पहने जाने वाले खुमरी और सजी हुई लाठियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। परिसर में गौरा-गौरी पूजन स्थल पर धान की बालियों से कलश और विशेष कलाकृति बनाई गयी थी। कार्यक्रम स्थल को ग्रामीण परिवेश का स्वरूप दिया गया है, घर को भी नांगर (हल), गाड़ा चक्का, टुकनी, रापा, कुदारी, सिल-लोड़हा, खटिया, कांवर, तुलसी चौरा, कंडील (लालटेन) से सजाया गया था। दीवारों में पेड़-पौधे, तोता-मैना, सुआ नृत्य करती महिलाएं, उत्साह पूर्वक पटाखे फोड़ते बच्चे, गौरा-गौरी विसर्जन के लिए जाती हुई महिलाएं, राउत नाचा, गाय चराते और दूध दुहते ग्वाले को आकर्षक ढंग से चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। इसके अलावा राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बॉड़ी को भी आकर्षक ढंग से दिखाया गया था।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# त्वचा पर जमा गंदगी हटाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय



**प्रदूषण आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। दरअसल, प्रदूषक कण चेहरे के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं, जिस वजह से मुंहासे, दाग-धब्बे सुस्त और बेजान त्वचा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, अब आपको इसे लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। हाल ही में डेगा ऑर्गेनिक्स की संस्थापक आरती रघुराम ने त्वचा से प्रदूषक कणों और गंदगी को हटाने के लिए कुछ घरेलू उपाय दिए हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।**

### कॉफी और दही का स्क्रब

यह स्क्रब एक्सफोलिएशन की तरह काम करके चेहरे के रोमछिद्रों को खोलने और इसे साफकरने में मदद कर सकता है। कॉफी एक बेहतरीन सामग्री है जो रोमछिद्रों को गहराई से साफ करके त्वचा को निखारने में मदद कर सकती है, जबकि दही त्वचा को मुलायम बनाता है। लाभ के लिए कॉफी और दही का मिश्रण अपनी त्वचा पर लगाकर तीन से चार मिनट तक धीरे-धीरे मालिश करें और ठंडे पानी से धो लें।

### मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

मुल्तानी मिट्टी चेहरे से गंदगी को बाहर निकालने और इसे एक चमक देने में मदद कर सकती है। इसके अलावा, यह चेहरे से अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने में सहायक है। लाभ के लिए दो बड़ी चम्मच मुल्तानी मिट्टी में दो बड़ी चम्मच गुलाब जल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे लगाएं और 10-15 मिनट चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। अच्छे परिणाम के लिए इसे हफ्ते में तीन बार लगाएं।

### फेशियल स्टीम लें

स्टीम लेने से चेहरे की त्वचा कोमल हो जाती है जिससे डेड स्किन सेल्स के साथ ही धूल, गंदगी और बैक्टीरिया को भी दूर करने में मदद मिलती है। स्टीमिंग से चेहरे के रोमछिद्र खुल जाते हैं जिसके चलते त्वचा को सांस लेने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त जब चेहरे की त्वचा पर स्टीमिंग की गर्माहट पड़ती है, तब दिमाग रक्त धमनियों को संदेश भेजता है और चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

### नींबू और बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा एक बेहतरीन क्लींजर और एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है। नींबू के साइट्रिक गुण त्वचा के लिए एक ब्राइटनिंग एजेंट के रूप में कार्य करते हैं जो गंदगी को हटाता है और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। लाभ के लिए नींबू के रस की कुछ बूंदों को एक चम्मच बेकिंग सोडा के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को त्वचा पर हल्के हाथों से लगाकर उतारें और इसके बाद चेहरे पर मॉइस्चराइजर या एलोवेरा जेल लगाएं।

### सेब के सिरके का फेस मास्क

सेब का सिरका कई ऐसे गुणों से समृद्ध होता है, जो डेड स्किन सेल्स को हटाकर गंदगी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच शुद्ध सेब के सिरके को एक छोटी चम्मच एप्पल सॉस के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को साफ चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

# मार्क रोली के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आएंगी श्रुति हासन

**बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों में अभिनेत्री श्रुति हासन का जलवा देखने को मिला है। अब उनके खाते में एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट जुड़ गया है। वह अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आने वाली हैं। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता मार्क रोली भी दिखाई देंगे। डेफने श्मोन इस प्रोजेक्ट के निर्देशन का काम संभाल रही हैं। श्रुति ने खुद सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी शेयर की है।**



श्रुति ने इंस्टाग्राम पर डेडलाइन की रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें उनके इस हॉलीवुड फिल्म के बारे में जानकारी दी गई है। वह इस फिल्म में द लास्ट किंगडम फेम मार्क के अपोजिट भूमिका में दिखाई देंगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक प्यारी टीम के साथ द आई का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए मेकर्स के प्रति भी आभार जताया है। ग्रीक प्रोडक्शन कंपनी अर्गोनॉट्स प्रोडक्शंस और फिंगरप्रिंट मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत में एथेंस और कोर्फू में शुरू होगी। एमिली कार्लटन ने इसकी पटकथा लिखी है। श्रुति और मार्क के अलावा इस फिल्म में अन्ना सव्वा, लिंडा मार्लो और क्रिस्टोस स्टरगियोग्लू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी 1980 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसकी कहानी एक युवा विधवा महिला पर केंद्रित है, जो उस द्वीप पर वापस जाती है, जहां उसके पति की मृत्यु हो गई थी। बता दें कि यह श्रुति का दूसरा हॉलीवुड प्रोजेक्ट है। वह इससे पहले टीवी सीरीज ट्रेडस्टोन में नजर आई थीं। कई अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी यह एक्शन फिक्शन सीरीज 2019 में रिलीज हुई थी। श्रुति कुछ समय पहले ही फिल्म वकील साब में दिखाई दी थीं। वह जल्द ही प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म सालार में प्रभास के साथ नजर आएंगी। श्रुति ने इस फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा था कि इस फिल्म में एक्शन, इमोशन, रोमांच सबकुछ है। श्रुति ने 2009 में फिल्म लक से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने डी-डे, रमैया वस्तावैया, गब्बर इज बैक और वेलकम बैक जैसी कई फिल्मों में काम किया।

श्रुति की तरह ही कई भारतीय अभिनेत्रियां हॉलीवुड में काम कर चुकी हैं। ऐश्वर्या राय ने फिल्म ब्राइड एंड प्रेज्युडिस और प्रियंका चोपड़ा ने टीवी सीरीज क्वांटिको से हॉलीवुड में कदम रखा था। दीपिका पादुकोण ट्रिपलएक्स द रिटर्न ऑफ जेंडर केज में दिख चुकी हैं।

# तान्हाजी के बाद फिर अजय देवगन के साथ नजर आ सकते हैं शरद केलकर



हाल में अभिनेता अजय देवगन को उनकी फिल्म तान्हाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 2020 में आई इस फिल्म में अजय के साथ-साथ टीवी अभिनेता शरद केलकर ने भी अपनी छाप छोड़ी थी। अब ये दोनों फिर से एक प्रोजेक्ट में साथ नजर आने वाले हैं। शरद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वे दोनों किसी खास प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाने वाले हैं। पहले चर्चा चली थी कि शरद अजय की फिल्म भोला में नजर आएंगे।

शरद ने बताया कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम कुछ योजना बना रहे हैं। एक प्रोजेक्ट में हम दोनों साथ आने वाले थे, लेकिन मुझे लगता है कि हमलोग का शेड्यूल मेल नहीं खा रहा है। मुझे लगता है कि शायद हम अगले साल एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगे।

तान्हाजी के अलावा अभिनेता शरद और अजय भुज द प्राइड ऑफ इंडिया और बादशाहो जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। भुज पिछले साल 13 अगस्त को डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई थी। इसका निर्देशन अभिषेक दुधैया ने किया था। बादशाहो 2017 में आई एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया था। इलियाना डिक्रूज, इमरान हाशमी, विद्युत जामवाल और संजय मिश्रा इस फिल्म का हिस्सा थे।

शरद के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने आदिपुरुष के लिए प्रभास के साथ हाथ मिलाया है। उन पर फिल्म के हिंदी वर्जन को डब करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले भी उन्होंने बाहुबली फ्रेंचाइजी के लिए अपनी आवाज दी थी। वह आगामी फिल्म हर हर महादेव में छत्रपति शिवाजी महाराज के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

सात फेरे, दूरदर्शन के सीरियल आक्रोश और सीआईडी स्पेशल ब्यूरो में शरद ने छोटे पर्दे पर खूब लोकप्रियता बटोरी। शरद ने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2004 में आई फिल्म हलचल से की थी। फिल्म रामलीला में फिल्म समीक्षकों ने उनके अभिनय की बेहद सराहना की थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वह साल 2015 में सलमान खान द्वारा निर्मित फिल्म हीरो में एक खलनायक की भूमिका में दिखे थे।

# नारियल के इस्तेमाल से सेहत को मिलते हैं ये पांच फायदे



नारियल कई ऐसे गुणों से भरपूर होता है जो हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। नारियल का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। आप नारियल की स्वादिष्ट मिठाइयां बना सकते हैं, इसका तेल निकाल सकते हैं, गर्मियों में नारियल का पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रख सकते या फिर घर में खुशबू के लिए इसकी मोमबत्तियां इस्तेमाल कर सकते हैं। आज हम आपको नारियल से स्वास्थ्य को होने वाले पांच फायदे बताएंगे।

### ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक

नारियल फाइबर और स्वस्थ फैट से भरपूर होता है और इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है। इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में फायदेमंद है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण आपके ब्लड शुगर के लेवल को सही रखते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्जिन नारियल तेल के इस्तेमाल से ब्लड शुगर और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार होता है।

### त्वचा के लिए है फायदेमंद

नारियल आपकी त्वचा को मुलायम, हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने का काम करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट आपकी एंजिंग को कम करने और मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारने में मदद करते हैं। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क हटाने और होठों को फटने से बचाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल से कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है।

### वजन घटाने के लिए करें इस्तेमाल

ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा में ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। इससे आपको वजन कम करने के लिए अनगिनत फायदे मिलते हैं। नारियल में मौजूद ट्राइग्लिसराइड्स शरीर की चर्बी को तेजी से खत्म करते हैं और भूख को कम कर देते हैं। यह आपकी पेट की चर्बी को कम करने और वजन घटाने में मददगार साबित होगा, इसलिए आप इसका इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल का तेल बालों को लंबा और घना बनाने में मददगार

नारियल तेल का इस्तेमाल सदियों से बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों को लंबा, घना और चमकदार बनाया जा सकता है। नारियल तेल से सिर में पांच मिनट मसाज करने से न सिर्फ ब्लड सर्कुलेशन में वृद्धि होती है, बल्कि इससे बालों के खो चुके पोषण की भरपाई भी होती है। नियमित नारियल तेल से मसाज करने पर बालों में रूसी की समस्या नहीं होती है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को देता है बढ़ावा

आजकल बीमारियां बढ़ती जा रही हैं और सही खान-पान नहीं होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती जा रही है। इसे बढ़ाने के लिए आप रोजाना खाना पकाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। इससे आपको स्वास्थ्य से जुड़े अन्य फायदे भी मिलेंगे। जो लोग नारियल के तेल में बना खाना खाते हैं, वो कई गंभीर बीमारियों से दूर रहते हैं। अन्य तेल में बने खाने को खाने से बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है।

# नंदामुरी बालकृष्ण की फिल्म का शीर्षक वीरा सिम्हा रेड्डी



निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म, जिसमें अभिनेता नतासिम्हा नंदामुरी बालकृष्ण मुख्य भूमिका में हैं, का शीर्षक वीरा सिम्हा रेड्डी रखा गया है। फिल्म को अब तक अस्थायी रूप से एनबीके 107 के रूप में संदर्भित किया जा रहा था। कुरनूल में कोंडा रेड्डी बुरुजू पर शीर्षक लॉन्च करने का विकल्प चुनते हुए, निर्माताओं ने एक 3 डी पोस्टर के माध्यम से शीर्षक जारी किया।

शीर्षक ने फिल्म प्रेमियों में रुचि दिखाई है, कुछ ने इंगित किया है कि बालकृष्ण की अधिकांश फिल्में जिनके शीर्षक में सिम्हा शब्द है, वे बड़ी ब्लॉकबस्टर रही हैं। शीर्षक की घोषणा करने के लिए निर्माताओं ने जो पोस्टर जारी किया वह बालकृष्ण को एक कमांडिंग मुद्रा में प्रस्तुत करता है।

लुंगी पहने बालकृष्ण को एक मील के पत्थर पर एक पैर रखते हुए देखा जाता है, जिस पर लिखा होता है, पुलिचेरला 4 किमी। उसके बगल में एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया हथियार है, जिससे यह आभास होता है कि फिल्म में आदमी का चरित्र एक बड़े शिकार पर है।

श्रुति हासन इस परियोजना में प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसे मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है। फिल्म में दुनिया विजय और वरलक्ष्मी सरथ कुमार भी हैं। संगीत सनसनी एस थमन, जो देर से शानदार फॉर्म में हैं और जिन्होंने अपनी पिछली फिल्मों में बालकृष्ण और गोपीचंद मालिनेनी दोनों को ब्लॉकबस्टर एल्बम दिए हैं, वीरा सिम्हा रेड्डी का संगीत दे रहे हैं।

ऋषि पंजाबी सिनेमैटोग्राफी का ध्यान रख रहे हैं जबकि नवीन यरनेनी और वाई. रविशंकर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। प्रशंसित लेखक साई माधव बुर्रा ने इस फिल्म के संवाद लिखे हैं, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संपादक नवीन नूली इसके संपादन को संभाल रहे हैं। वीरा सिम्हा रेड्डी संक्रांति, 2023 के लिए दुनिया भर में रिलीज होने वाली है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिला साहू संघ ने लक्ष्मी पूजन कर मनाई दीपावली

**राजनांदगांव।** ज़िला साहू संघ ने दीपावली पर्व लक्ष्मी पूजन कर मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा के प्रति मूर्ति पर चुनरी चढ़ाकर विधिवत पूजा अर्चना आरती कर किया गया। सामाजिक बंधुओं ने पटाखे फोड़ कर प्रसाद,खिचडी एवं मिठाई वितरण किया गया। दीपावली के पावन पर्व पर साहू सदन राजनांदगांव एवं तहसील साहू संघ में भक्त माता कर्मा का पूजन अर्चना किया गया एवं माँ लक्ष्मी का भी पूजा अर्चना कर साहू समाज के विकास एवं सुख शांति, धन -संपत्ति, वैभव ,समृद्धि प्रदान करने की माँ लक्ष्मी से कामना करते हुए जिले के सभी सामाजिक जनों को इस पावन पर्व की जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किया।इस अवसर पर महामंत्री नीलमणी साहू,नगर साहू संघ अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,नरेन्द्र साहू, माधव साहू, मनोज साहू, डॉ महेश साहू,चंदशेखर साहू,परदेशी साहू,महेश्वर साहू,कामता प्रसाद साहू, घासी राम साहू,तुलदास साहू, गोपाल साहू , रमाकांत साहू रूपेंद्र साहू ,तुषार साहू,खेमू दास साहू,गिरीश साहू,देवेन्द साहू, रेखा लाल, श्रीमती गीता साहू,अंजू साहू ,शलेन्द्री साहू,तीजेश्वरी साहू,केशरी साहू,खिलेश्वरी साहू,आदि उपस्थित रहे।

### मातर मंडई का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम खैरा (रवेली) में 28 अक्टूबर को मातर मंडई का आयोजन किया जा रहा है।दिवाली के बाद मंडई मातर की धूम है। ग्राम खैरा में लगातार मंडई मातर का आयोजन किया जा रहा है।छत्तीसगढ़ के गांवो में मातर मेला मंडई छत्तीसगढ़ की परंपरा है।यहां सुरहोती (दिपावली) के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन मे मातर मनाया जाता है। इस पर्व में गाय की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व मुख्य रूप से यादव समाज के लोगों के द्वारा मनाया जाता है परंतु अन्य समाज के लोग भी इसमें शामिल होते हैं। गांव की गौठान दईहान में यादव समुदाय के लोग पारंपरिक परिधान पहनकर इकट्ठा होते हैं। इकट्ठा होकर खुडहरदेव, साहरा देव ,पशुधन और सोहई की पूजा अर्चना की जाती है। यादव समाज के लोग गौवंश को सोहई की माला पहनाते हैं। पर्व में गाय के गोबर का तिलक होता है।गौठान मे लोगो को प्रसाद वितरण किया जाता है।

# भाई-दूज पर्व पर बहनों ने वोरा को तिलक लगाकर दिया आशीष

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भाई बहन के प्रेम के प्रतीक एवं धार्मिक मान्यता के अनुसार रक्षा बंधन की तरह ही महत्वपूर्ण पर्व भाई दूज के दिन विभिन्न वार्ड की महिलाओं ने वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा को तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया, वोरा परिवार ने बहनों का स्वागत करते हुए उन्हें दीवाली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की बधाई दी।



जिसके बाद विधायक वोरा शहर के विभिन्न वार्डों में दौरा कर आम जनों से मुलाकात की व दीवाली की बधाई देने के साथ ही शहर की समस्याओं का जायजा लिया। नागरिकों के साथ आंध्रा इडली सेंटर में इडली का लुत्फलेने जे साथ ही स्टेशन पहुंच कर उन्होंने कुलियों से भी मुलाकात की एवं मिठाई खिला कर उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। साफ सफाई से संबंधित शिकायतें मिलने पर उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहार के बाद सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाएं कहीं भी बंद स्ट्रीट लाइट, सड़कों पर कचरा एवं जाम नालियों की शिकायत ना हो साथ ही आंतरिक सड़कों के लिए जारी राशि का सदुपयोग करते हुए सभी कार्यों को तत्काल प्रारंभ करें । वोरा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि मुख्यमार्ग सौंदर्यीकरण कार्य मे अब किसी भी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए समय सीमा तय कर डामरीकरण, पेवर ब्लॉक एवं चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण तुरंत प्रारंभ कराया जाए।

### त्यौहार के दिन भी अलर्ट पर रही स्वास्थ्य सेवाएं

# एचडब्ल्यूसी मंदिर हसौद पर लक्ष्मी पूजा के दिन हुए प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के अवसर पर भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क रहा। इस दौरान जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी तक में इमरजेंसी सेवाएं चालू रही जिसके फ्लस्वरूप हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मंदिर हसौद में दीपावली के दिन 2 सामान्य प्रसव कराये गए। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर मंदिर हसौद की प्रभारी डॉक्टर विजयलक्ष्मी अनंत ने बताया: ' ' विभाग द्वारा दीपावली त्यौहार को लेकर एडवाइजरी जारी की गई थी ।**



जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को त्यौहार के समय में भी अलर्ट मोड पर रखा गया था। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए और बर्न केस के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि आपात स्थिति से आसानी से निपटा जा सके। केंद्र में दीपावली के दिन दो प्रसव कराए गए । वहीं 23 अक्टूबर को 3, 25 अक्टूबर को 5 और 26 अक्टूबर को 3 प्रसव कराए गए। ज्ञात रहे मंदिर हसौद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बीती छमाही में जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में हुए प्रसव में सबसे अधिक संस्थागत प्रसव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है । बीती छमाही में सेंटर में 356 संस्थागत प्रसव कराये गये हैं। प्रसूता कृति विश्वकर्मा कहती हैं: अचानक शाम में प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद घरवाले और मितानिन दीदी मुझे लेकर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर मंदिर हसौद लेकर आये जहां मेरा सामान्य प्रसव कराया गया। साथ ही शासकीय सुविधाओं का लाभ भी मिला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे ने बताया: ' 'शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरगांव में लक्ष्मी पूजा के दिन 5 प्रसव, पीएचसी उरला में 24 अक्टूबर को 1 प्रसव, और 25 अक्टूबर को 4 प्रसव, हुए हैं वहीं सीएचसी धरसीवां में 3 सफ्ल प्रसव कराए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया: ' 'दीपावली के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों को यह निर्देश जारी किए गए थे कि इमरजेंसी सेवाएं पूरी सतर्कता के साथ 24 घंटे उपलब्ध रखें। साथ ही सभी सीएचसी और पीएचसी पर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया था । जिला अस्पताल में बर्न वार्ड को भी अलर्ट रखा गया, साथ ही नेत्र रोग विभाग के चिकित्सकों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया था।

# जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया गौठान दिवस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिलेभर में उत्साहपूर्वक गौठान दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कीमंशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौ माता की पूजा की गई और खिचड़ी खिलाई गई। राजनांदगांव विकासखंड के वृंदावन आदर्श गौठान अंजोरा में समूह की महिलाओं ने उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा मनाया। गौठान अमलीडीह, धीरी, गिधवा, हरडुआ, रेंगाकठेरा, घुमका, जंगलपुर, रामपुर, कोकपुर, नाथूनवागांव, मोहड़, बनभेड़ी, दिवानझिटिया, पेटे, मुड़पार सहित सभी गौठानों में विधि विधानपूर्वक गौ पूजा की गई एवं गौठान दिवस मनाया गया। शासन की सुराजी गांव योजना के तहत ग्राम पंचायतों में गौठानों के निर्माण से गायों के लिए आश्रय मिला है वहीं चारे, पानी, छांव की व्यवस्था भी की गई है। कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में गौठान का निर्माण किया जा रहा है। शासन की सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, वहीं छत्तीसगढ़ी संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन भी हुआ है। गोवर्धन पूजा के दौरान विभिन्न तरह के छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिले में कृषि कार्य के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है और वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी करने की दिशा में किसान अग्रसर हुए हैं। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी करने से जहां ग्रामीणों को फायदा मिला, वहीं जैविक कम्पोस्ट निर्माण को भी बढ़ावा मिला है। घुरवा कम्पोस्ट पिट्स से बने जैविक खाद के उत्पाद स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अच्छे हैं। वर्मी कम्पोस्ट किसानों के लिए कारगर साबित हो रहे है।

# छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक 2022: जोन स्तरीय प्रतियोगता सम्पन्न, आज से विकासखंड स्तरीय मुकाबले की होगी शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया। पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बेहद जोश और उत्साह के साथ प्रतिभागी अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। 6 अक्टूबर से शुरू हुए ओलंपिक में अब तक क्लब और जोन स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हो चुकी हैं। काल 27 अक्टूबर से विकासखंड स्तरीय मुकाबले की शुरू होगी। बैकुंठपुर विकासखंड को 11 जोन में विभाजित किया गया है और सोनहत विकासखंड को 5 जोन में विभाजित किया गया है। एक जोन से लगभग 350 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो 14 खेलों में अपना कौशल दिखाएंगे।**



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है। 'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' गांव से लेकर राज्य स्तर तक 6 अक्टूबर 2022 से प्रारंभ होकर 6 जनवरी 2023 तक चलेगा।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने बेहतर आयोजन के साथ ही सभी प्रतियोगिता स्थलों पर चिकित्सकीय सुविधाएं सुनिश्चित रखने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में छह स्तर निर्धारित किए गए हैं। इन स्तरों के अनुसार ही खेल प्रतियोगिता के चरण आयोजित किये जा रहे हैं।। इसमें गांव में सबसे पहला स्तर राजीव युवा मितान क्लब और दूसरा स्तर जोन सम्पन्न हो चुका है। अब 27 अक्टूबर से विकासखंड/नगरीय क्लस्टर स्तर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गो में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक फिर 18-40 वर्ष आयु सीमा तक, वहीं तीसरा वर्ग 40 वर्ष से अधिक उम्र के लिए है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग के प्रतिभागी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

### गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौठानों में दिखी रौनक

# गौठान दिवस के रुप में सभी गौठान में हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के विशेष पहल पर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौठानों में गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू जनपद उपाध्यक्ष एवं सीईओ जनपद पंचायत ने की गौ.वंश की पूजा अर्चना इसी तरह नगरपालिका बीजापुर ग्राम पंचायत तुमनार, दुगोली, जैवारम, गंगालूर, चेरपल्ली, तमलापल्ली, मिंगाचल, कोडोली, फुलगुटटा, फरसेगढ़, कांदूलनार, चेरपाल, नैमेड़, गुदमा, डारापारा, कुटरु, पातरपारा, मंगापेठा, कोमपल्ली, उस्कापटनम, करकेली, सेमलडोडी, उसूर, लंकापल्ली, संकनपल्ली, मुरकीनार, चेरकडोडी, रानीबोदली, सोमनपल्ली, तालनार



सहित जिले के सभी गौठानों में जनप्रतिनिधि, गौठान समिति के सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने गौवंश की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी खिलायी एवं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत नियमित गोबर खरीदीए वर्मी खाद के उत्पादन सहित गौठानों में मल्टीएक्टिविटी के विषय में व्यापक चर्चा किया गया। ग्रामीणों को नियमिति रुप से गोबर गौठानों में विक्रय हेतु लाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल दिखा। जिससे गौठानों में रौनकता दिखी। इस अवसर पर मिंगाचल गौठान में जनपद सदस्य श्री भावेश कोरसा ने समूह के सदस्यों को आजीविका कार्य करने के लिए प्रेरित किया और गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

### गोवर्धन पूजा पर किया गया भंडारा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती के गोपाल मंदिर में दिवाली पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। दिवाली की देर रात तक लोग पूजा के लिए मंदिरों में आते रहे। गोपाल मंदिर के महंत गोपालशरण देवाचार्य ने बताया कि बुधवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस दिन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इसी दिन भगवान कृष्ण ने इंद्र के अंहकार को नष्ट करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली से उठाकर ब्रज वासियों को तेज बारिश से रक्षा की थी। इसके बाद समस्त ब्रजवासियों ने उन्हें 56 भोग लगाया था। इसी कारण से इस दिन गोवर्धन पूजा और 56 भोग का विशेष महत्व है। दोपहर 2 बजे आरती के बाद गोपाल मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया।

























## खास खबर

### तालाब में डूबने से युवक की मौतः गौरा-गौरी पूजा के बाद विसर्जन करने निकले थे लोग, गहराई में जाने से डूबा


**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। गौरा-गौरी का विसर्जन करते समय युवक तालाब के गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। इस दौरान लोगों ने काफी देर तक उसकी तलाश की। फिर बाद में SDRF की टीम को बुलाया गया। घंटों तलाश के बाद युवक के शव को बाहर निकाला गया। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है।

शहर से लगे तिफरा के यदुनंदन नगर स्थित कुंदरापारा में दिवाली पर्व पर गौरा-गौरी की स्थापना की गई थी। मोहल्ले के लोग तीन दिन तक पूजा अर्चना करने के बाद गौरा गौरी का विसर्जन किया। बुधवार दोपहर गाजे-बाजे के साथ नाचते हुए लोगों की भीड़ गौरा गौरी का विसर्जन करने निकले थे। जगह-जगह पूजा करने के बाद शाम को लोगों की भीड़ तालाब पहुंची। इस दौरान गौरा गौरी को लेकर मोहल्ले के लोग महामाया तालाब पहुंचे, जहां विधि विधान से पूजा करने के बाद गौरा-गौरी की मूर्ति को तालाब में विसर्जन कर रहे थे। लोगों की भीड़ के साथ मोहल्ले का युवक सुखीराम महिलांगे (35) भी तालाब में कूद गया। वह देखते ही देखते गहरे पानी में चला गया। इस दौरान अचानक वह डूबने लगा। युवक के डूबने के बाद वहां मौजूद लोग तालाब के अंदर पानी में काफी देर तक उसकी तलाश करते रहे। लेकिन, वह नहीं मिला, तब इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने SDRF की टीम को बुलाया। देर शाम तक नगर सेना के गोताखोर युवक की तलाश करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद पानी में जाल डालकर युवक के शव को बाहर निकाला गया।

ट्रेलर ने बाइक को रौंदा,युवक के उड़े चिथड़े

# अंडरपास और मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने किया चक्काजाम, अब तक हो चुकी है 5 मौत

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। बुधवार की शाम तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि युवक के चिथड़े उड़ गए। इस घटना से नाराज लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया, तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है। दरअसल, बिलासपुर से रतनपुर होते हुए कटघोरा-अंबिकापुर तक फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। सड़क के किनारे कई गांव हैं, लेकिन NHAI ने यहां अंडरपास नहीं बनवाया है। इस वजह से कई हादसे हो रहे हैं। ऐसे ही बिलासपुर से करीब 15 किमी दूर सेंदरी चौक के पास कई हादसे हो चुके हैं। यहां साल भर के भीतर पांच लोगों की मौत हो चुकी है।



ग्राम जलसो निवासी घुलन कौशिक (34) बुधवार को किसी काम से बिलासपुर आया था। काम निपटाने के बाद वह अपने साथी राधे सूर्यवंशी (35) के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। वह अभी सेंदरी पुल के पास पहुंचा था। उसी समय रतनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार गिर गए। घुलन कौशिक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया और उसका साथी सड़क से दूर जा गिरा। हादसा इतना दर्दनाक था कि घूलन कौशिक के शरीर के चीथड़े उड़ गए और मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में राधे सूर्यवंशी को भी चोटें आई है।

### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

इस हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। गुस्साई भीड़ ने आए दिन हो रहे हादसों को देखते हुए चक्काजाम कर दिया। फोरलेन पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। नाराज लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

#### एक साल में 9 हादसे और पांच की हो चुकी है मौत

बिलासपुर से करीब 15 किमी दूर सेंदरी चौक के पास भी कई हादसे हो चुके हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने न्यायमित्रों से वास्तविक आंकड़े प्रस्तुत करने को कहा था। कोनी थाने से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई थी। इसमें साल भर में 7 सड़क हादसों की जानकारी दी गई है। इन हादसों में तीन मौतें भी हुई हैं। बीते बुधवार को भी यहां सड़क हादसे में एक की मौत हो गई थी। वहीं, एक सप्ताह के भीतर दूसरा हादसा हुआ है, जिसमें युवक की मौत हो गई।

#### पत्नी और चार बच्चियों का छीन गया सहारा

भूलन कौशिक अपने परिवार में अकेले कमाने वाला था। घर में उसकी पत्नी और चार बेटियां हैं। इस हादसे ने जहां एक महिला का सुहाग उजाड़ दिया। वहीं, चार बेटियों के सिर से पिता का साया भी छीन गया है। इसके साथ ही अब परिवार का एकमात्र सहारा भी छीन गया है।

#### 9 बकरियों की हुई थी मौत

सेंदरी में जब से नेशनल हाईवे बना है, तब से सड़क हादसे हो रहे हैं। वहीं, हाइवे बनने के बाद अंडरपास का निर्माण भी होना था। ताकि, फोरलेन ऊपर से गुजर जाए और नीचे से ग्रामीण और दूसरे वाहन आना-जाना करे। इससे हादसे की आशंका नहीं रहेगी। कुछ दिन पहले ही तेज रफ्तार बस ने यहीं बकरियों की झुंड को रौंद दिया था, जिससे 10 बकरियों की मौत हो गई थी।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला, एप डाउनलोड करते ही खाते से पार हुए लाखों रुपए

**रायगढ़ ( ए )।** ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। पुलिस और आरबीआई की समझाइश के बाद भी लोग अपने खाते की निजी जानकारी या ओटीपी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा कर रहे हैं जिसकी वजह से उनके साथ फ्रॉड हो रहा है। ऐसी ही ताजा घटना रायगढ़ की एक महिला के साथ घट गई जहां महिला से फ्रॉड ने एप डाउनलोड कराया और ऐसा करते ही उसके खाते से लाखों रुपए पार हो गए। जिले के थाना पूंजीपथरा में ग्राम गेरवानी में रहने वाले राकेश चौधरी की पत्नी सुमन सिंह के साथ ठगों ने महिला से क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी कर ली। ठगों ने कहा कि वे बैंक से बात कर रहे हैं और अगर उन्हें अपना क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़वाना है तो मोबाइल पर ऐप डाउनलोड कर उस ऐप में जानकारी भर दें।महिला ठगों की बातों में आ गई और ऐप डाउनलोड कर उसमें जानकारी डाली जिसके बाद उसके एसबीआई घरघोडा के खाता से 3 किश्त में 49,999 रू., 40,940 रू, व 20,468 रू. कुल 1,11,407 रूपये कट गए। पैसे कटते ही महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने फौरन पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

## हाईवे पर बाइक सवार से चाकू-तलवार दिखाकर 25 हजार की लूट, 1 गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई से पुरानी भिलाई के बीच नेशनल हाईवे में चार युवकों ने धारदार हथियार लेकर एक स्कूटर सवार से लूटपाट की थी। सुपेला पुलिस ने इस घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तीन आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि लक्ष्मी नगर निवासी कलीम खान ने उसके साथ लूट होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसके मुताबिक 23 अक्टूबर को वह अपने दोस्त सलमान खान के साथ भिलाई-3 से स्कूटर से सुपेला अपने घर आ रहा था।

रात पौने 9 बजे वह जैसे ही सुपेला थाने के पास पहुंचा था कि हाईवे पर कुछ लड़कों ने उन्हें रोक लिया। इसमें एक आरोपी आशीष यादव और तीन अन्य उसके साथी थे। उनके हाथ में धारदार हथियार तलवार और चाकू था। उन्होंने कलीम और सलमान को रोका इसके बाद गाली गलौच करते हुए जबरदस्ती उसकी जेब से 25 हजार रुपए लूट लिया। इसके बाद चारों आरोपी वहां से भाग गए।

### कैंप 2 से आशीष यादव को किया गया गिरफ्तार

टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि उन्हें बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी आशीष यादव साक्षरता चौक कैंप- 2 में देखा गया है। तुरंत पुलिस की एक टीम बनाई गई और वहां भेजा गया। सुपेला पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी सन्नी बघेल उर्फ गोलू, राहुल और छत्रपाल साहू के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की रकम जब्त कर लिया है।

सड़क हादसे में एसईसीएल कर्मचारी की मौत

## डीजल टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर, गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर किया चक्कजाम

**जांजगीर-चांपा ( ए )।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पंतोरा में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी ड्यूटी के लिए घर से निकला था, लेकिन रास्ते में ही वो हादसे का शिकार हो गया। घटना बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पतोरा चौकी इलाके में हुई। इधर एक्सीडेंट से गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया।

बलौदा थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि आज सुबह साढ़े 7 बजे सड़क हादसा हुआ है। एसईसीएल कर्मचारी हरिराम राजवाड़े (55 वर्ष) ड्यूटी के लिए ढेलवाडीह एसईसीएल खदान जा रहे थे। वे पंतोरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे ही थे कि डीजल टैंकर के ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार हरिराम राजवाड़े को अपनी चपेट में ले लिया। डीजल टैंकर बलौदा की तरफसे आ रहा था। इधर टैंकर की चपेट में आ जाने से एसईसीएल कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

एसईसीएल कर्मचारी का सिर टैंकर की चपेट में आ जाने से बुरी तरह कुचल गया। इधर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बार-बार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से नाराज लोगों ने चक्काजाम कर दिया। शव को सड़क पर रखकर करीब 2 घंटे तक ग्रामीण रास्ता जाम कर बैठे रहे। सूचना मिलने पर मौके पर बलौदा थाना प्रभारी गोपाल सतपथी और नायब तहसीलदार किशन मिश्रा अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर चक्काजाम खत्म कराया।

बलौदा थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि मृतक हरिराम राजवाड़े कोरबा जिले के कनकी के रहने वाले थे। वे जांजगीर-चांपा के ढेलवाडीह एसईसीएल के खदान में काम करते थे। पुलिस ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। जिसके बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हरिराम सुबह 6 बजे कनकी से ढेलवाडीह एसईसीएल खदान जाने के लिए निकले हुए थे। वे रोजाना बाइक से पंतोरा होते हुए ढेलवाडीह खदान जाया करते थे।

फिलहाल एसईसीएल कर्मचारी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। इधर घटना को अंजाम देकर डीजल टैंकर चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। प्रशासन की ओर से परिजनों को 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।



#### कोरबा जिले में लगातार हो रहे हैं सड़क हादसे

इससे पहले कोरबा जिले के ग्राम सलिहाभांटा के पास 20 अक्टूबर को दो ट्रकों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही एक ट्रक के हेल्पर की मौत हो गई थी। उसका शव बुरी तरह से केबिन में फंस गया था। दुर्घटना करतला थाना क्षेत्र के हाटी मुख्य मार्ग पर ग्राम सलिहाभांटा के पास हुई थी। मरने वाले हेल्पर का नाम शशि कुमार चौहान (46 वर्ष) था, जो जशपुर के पत्थलगांव का रहने वाला था।

#### 19 अक्टूबर को भी सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत

19 अक्टूबर को भी कोरबा जिले के तुमान-सक्ती मार्ग पर ग्राम ढोढातराई के पास तेज रफ्तार पिकअप ने एक युवक की जान ले ली थी। घटना उरगा थाना क्षेत्र की थी। युवक प्रहलाद धोबी (22 वर्ष) सुबह 4 बजे अपने दो दोस्तों सुरेंद्र कंवर और अमित कंवर के साथ रनिंग प्रैक्टिस के लिए निकला था। तीनों पुलिस भर्ती परीक्षा के फिजिकल टेस्ट तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान प्रहलाद को पिकअप ने टक्कर मार दी थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। मृतक तुमान का रहने वाला था। हादसे से गुस्साए लोगों ने कई घंटों तक चक्काजाम कर दिया था।

बर्थडे पार्टी में चले लाठी-डंडे

## दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, 15 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ( ए )।** जांजगीर-चांपा जिले के भैंसो गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बुधवार देर शाम 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। 25 अक्टूबर को पटाखा फोड़ने और तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है।

पामगढ़ के GRD कॉलेज के छात्र हरीश लहरे ने बताया कि मंगलवार को उसके छोटे भाई का जन्मदिन था। इसके लिए रात में करीब 9 बजे बर्थ डे पार्टी का आयोजन किया गया था। उसने बताया कि चचेरा भाई अरुण लहरे घर के सामने भाई के जन्मदिन की खुशी में पटाखे छोड़ रहा था और बाकी सभी गाना बजाकर नाच रहे थे, तभी गांव भैंसो का ही रहने वाला राकेश रात्रे, सूरज रात्रे, दिनेश रात्रे, ओमप्रकाश रात्रे, महेन्द्र पाल रात्रे और शिवराम सहीस वहां आ गए और विवाद करने लगे। पीड़ित हरीश ने बताया कि वे सभी घर के अंदर घुस आए और पटाखे छोड़ने और डीजे पर डांस करने से मना करने लगे। उन्होंने ये सब बंद करने को कहा। जब हमने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो सभी ने अश्लील गालीगलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। सभी आरोपियों के हाथ में लाठी-डंडे थे, जिससे उन्होंने वार किया। इससे हमारे पक्ष के लोग घायल हो गए। बीच-बचाव कर रहे चचेरे भाई अरुण लहरे, मुकेश सूर्यवंशी, रविन्द्र लहरे और रॉकी लहरे को लाठी-डंडों से काफी चोट आई है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# गौरा-गौरी की पूजा कर विधायक ने मुस्कुराते हुए खाए सोटे
# मुख्यमंत्री की पहल से बढ़ रहा लोक त्योहारों का महत्वः वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा शहर के कई वार्डों में आयोजित किए जाने वाले गौरा गौरी कार्यक्रम में पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शहर की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। दीपावली के अगले दिन मनाए जाने वाले त्योहार का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व है जिसमें पूजा उपरांत हाथों में सोटे खाने की परंपरा है जिसकी ये मान्यता है कि सोटे खाने से अनिष्ट की आशंका टलती है एवं खुशहाली आती है, वोरा ने भी हाथों में मुस्कुराते हुए सोटे खा कर शहर के विकास एवं नागरिकों की समृद्धि की कामना की।**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर लगातार छत्तीसगढ़ के तीज त्योहारों एवं लोक महत्व के पारंपरिक पर्वों का महत्व बढ़ रहा है।

तीजा पोला हो, गौरा गौरी पूजन या विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव छत्तीसगढ़ की हर लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम





किया जा रहा है। आधुनिकता एवं अधोसंरचना के विकास के साथ ही यह आवश्यक है कि हम अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहें जिसके लिए मुख्यमंत्री के प्रयास सराहनीय हैं।

छत्तीसगढ़ी ओलंपिक से पारंपरिक खेलों को भी बड़ा प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है एवं राज्य भर के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर ओलंपिक में हिस्सा लिया है नई प्रतिभाएं सामने निखर कर आ रही हैं। वोरा ने सभी शहर वासियों को दीपावली, गोवर्धन एवं गौरा गौरी पूजा की शुभकामनाएं दीं।

### विधायक देवेंद्र ने भी खाया सोटा, खुशहाली के लिए सहा दर्द

भिलाई। दीपावली पर मनाए जाने वाले छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गौरा-गौरी पूजन में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश और भिलाईवासियों की खुशहाली के लिए हाथ पर सोटा भी खाया। छावनी बिजली नगर में आयोजित गौरा गौरी पूजा में विधायक के शामिल होने से आयोजन समिति के लोग गदगद हो गए। इस दौरान परंपरा के अनुसार विधायक देवेंद्र यादव ने पहले गौरा-गौरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद सोट खाया। बतां दें कि हर साल सीएम भूपेश बघेल भी गौरा-गौरी पूजा में शामिल होकर सोटा खाते हैं।



## खास - खबर

### द वेव अपार्टमेंट में बिखरी दीवाली की रौनक



**भिलाई।** इस वर्ष द वेव अपार्टमेंट मैत्री कुंज के 22 परिवारों ने मिलकर बड़े ही धूम धाम से दीपावली पर्व मनाया। इस आयोजन इन परिवार के सदस्य और बच्चो ने 501 दीपों से अंग्रेजी में THE WAVE लिख कर पूरे माहोल को रौशन कर दिया। जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पटाखों फुलझड़ियों से वेव परिसर और जगमगा दिए। विभिन्न प्रांत की महिलाएं अपने अपने प्रांत की लाजवाब मिठाइयों व नमकीन से आयोजन में चार चांद लगा दिए थे। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्षा श्रीमती चंद्रा, उपाध्यक्षा दीपा हालदार, सचिव वेंकटेश, कोषाध्यक्ष समीर दास एवं कार्यकारी सदस्य ऋषिकेश ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### ताज दरबार से जत्था उमराह के लिए रवाना

**भिलाई।** ताज दरबार कैम्प 1 भिलाई की ख़िदमतगुज़ार हज्जन बदरुन्निसां ताजी और उनकी बेटी अंजुम ताजी व कैम्प क्षेत्र के अन्य लोग उमराह के मुकद्दस काम को अंजाम देने लिए मक्का मदीना रवाना हुए। जिसके मद्देनज़र ताज दरबार पर आस्था रखने वाले और दरबार की खिदमतगुजार अम्मी जान को मानने वालो ने इनका इस्तकबाल किया और गुलपोशी कर उनको उमराह की मुबारकबाद दी। इस दौरान सभी लोगों ने मिल कर बाबा ताज के आस्ताने पर चादर पोशी की और दरबार की खिदमतगुजार हज्जन बदरुन्निसां ताजी ने सभी के लिए खैरो बरकत की दुआएं की। साथ ही सभी की मुरादों को मदीने वाले की बारगाह में पेश करने का वादा किया। इस मौके पर हज्जन कहकशां अंजुम,पिन्टू बर्मन,संतोष शर्मा,शेख प्यारे,अशरफ अली,दिलीप वर्मा,चाँद अली,मेरिक सिंह,जानिसार अख्तर,सिन्दा सिंह,मुर्तजा अली, चंदन साव, जावेद अली,तामेश्वर और विवेक साहू सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही।

# बीएसपी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 मनाया जा रहा है। इसके तहत दिनांक 31 अक्टूबर 2022 से 06 नवम्बर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत (एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 में विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, एक्सटेम्पोर और क्विज आदि का आयोजन किया जा रहा है। मैत्री बाग में स्कूली बच्चों हेतु ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर 2022 को सुबह 9.30 बजे किया गया है। 31 अक्टूबर 2022 को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में सुबह 10 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह तथा दोपहर 2.30 बजे क्विज कॉम्पिटिषन का आयोजन किया गया है तथा इसी क्रम में निबंध व स्लोगन कॉम्पिटिषन का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के तहत 04 नवम्बर, 2022 को इस्पात भवन के सभागार में सुबह 10 बजे एक्सटेम्पोर कॉम्पिटिषन का आयोजन किया गया है। 01 नवम्बर, 2022 को दोपहर 2.30 बजे पीजी नर्सिंग कॉलेज में तथा 04 नवम्बर, 2022 को बीआईटी, दुर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 02 नवम्बर, 2022 को सुबह 10 बजे ईएमएसएस स्कूल, सेक्टर-7 में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

इसी क्रम में 02 व 03 नवम्बर, 2022 को भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेताओं/ठेकेदारों/ग्राहकों के मध्य जागरूकता पैदा करने और शिकायत निवारण हेतु तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्षन सत्र का आयोजन किया गया है। 03 नवम्बर को नंदिनी खदान में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें निवासियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कला मंदिर में दिनांक 05 नवम्बर, 2022 को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में 06 नवम्बर, 2022 को सुबह 7 बजे इस्पात भवन से इक्यूपमेंट चैक तक वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है।

## कार्मिक विभाग के कर्मचारी को 'स्वच्छता शिरोमणि' पुरस्कार से नवाजा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** धनतेरस के पावन अवसर पर दिनांक 22 अक्टूबर, 2022 शनिवार को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक-शक्ति एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल की सफाई के संबंध में एक अनूठी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता की विजेता सुश्री डामेश्वरी बेलसर, अनुभाग अधिकारी को स्वच्छ शिरोमणि शील्ड से सम्मानित किया गया। पर्याप्त तैयारी के लिए कर्मचारियों को प्रतियोगिता के बारे में पूर्व से ही सूचित कर दिया गया था एवं सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सक्रिय भागीदारी निभायी। वरिष्ठ प्रबंधक, ईडी सचिवालय, के के साहू और प्रबंधक , सुश्री निशा बाउल की दो सदस्यीय मूल्यांकन टीम ने 10 मापदंडों पर कर्मचारियों का मूल्यांकन किया।

मूल्यांकन के कुछ मानदंड थे कार्य-डेस्क की साफ-सफाई, अलमारी और फाइलों की लेबलिंग, डेस्क दराजों की सफाई, व्यक्तिगत ड्रेसिंग सेंस, अवांछित सामग्री का उचित निपटान आदि। यह प्रतियोगिता, भारत सरकार के 2 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च विशेष अभियान 2.0 के तहत आयोजित की गई थी।

# गोवर्धन तिहार और गौठान दिवस धूमधाम के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रति वर्ष की भाति इस वर्ष भी महापौर धीरज बाकलीवाल एवं राकेश शर्मा परिवार के साथ अपने निवास में गोवर्धन पूजा की और गायों को चांवल,जिमी कांदा, कोचई कुम्हड़ा का खिचड़ी का प्रसाद गौ माता को भोग लगाकर खिलाये,उसके बाद महापौर धीरज बाकलीवाल परिवार के सदस्यों के साथ गोवर्धन दिवस मनाने गौशाला पहुँचे। शहर विधायक अरुण वोरा के मंशा के अनुरूप आज पुलगांव स्थित गोकुल नगर गोठान में गोवर्धन पूजा के दिन महापौर धीरज बाकलीवाल ने गौठान के सदस्य एवं लेखा वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू के साथ गौ-माता की पूजा कर गौवंश को खिचड़ी खिलाई जाने की परंपरा



को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।गोवर्धन पूजा गौठान दिवस का कार्यक्रम परम्परागत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ गोवर्धन की पूजा अर्चना करते हुए उन्होंने शहर व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन किया गया।महापौर ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित गौठान दिवस पर कहा कि छत्तीसगढ़ में दीपावली पश्चात गोवर्धन पूजा की मान्यता तथा परंपरा है। उन्होंने ने लोगो को दीपावली और गोवर्धन पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य शासन की योजना के अंतर्गत नरवा, गरुवा, घुरुवा के तहत गौठान का निर्माण किया गया है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के इस निर्णण से शहर एवं गांव की संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनके निर्णय को अनुकरणीय बताया। इस कार्यक्रम के मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता विनोद मांझी, डॉ वसीम शम्स,गौठान की संचालिका गायत्री धोटे,देवाशीष, सहित भारी संख्या में अन्य मौजूद थे।

# महापौर ने निगम कर्मचारियों के साथ मनाया दिवाली का त्योहार, मिठाई व उपहार किए वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल ने दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया, जहां नगर निगम में भी माता लक्ष्मी का पूजन अर्चन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने कक्ष पर नगर निगम कर्मचारियों के साथ मनाया दिवाली का त्योहार,मिठाई व उपहार किए वितरण।

सभी को दीपावली,गोवर्धन पूजा और गौठान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,सचिव शरद रतनाकर,महापौर निज सहायक प्रकाश अहीर,संतोष मिश्रा,शशिकान्त यादव,रवि यादव,परमेश्वर,मानिकपुरी सहित आदि



मौजूद थे।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि दीपावली विनम्रता और करुणा का त्यौहार है. इस त्यौहार पर हम सब मिलकर एक दूसरे के साथ खुशिया बांटते हैं. निगम परिवार मेरे अहम सदस्य हैं, इसलिए हमने दिवाली के त्यौहार को कर्मचारियों के साथ मनाया। महापौर ने कहा कोरोना काल के दौरान कर्मचारियों ने दिन-रात नागरिकों की सेवा की और अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से निभाया. हम सभी जानते हैं, कि निगम के कर्मचारी सुबह हमारे उठने से पहले ही अपने-अपने कार्यों में लग जाते हैं।महापौर ने दीपोत्सव के महान पर्व दीपावली की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्र के नागरिकों को दी है।उन्होने बधाई देते हुए कहा है कि दीपावली का यह महान पर्व आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति, ऐश्वर्य एवं ढेरों खुशियां लेकर आएं, आप स्वस्थ रहें, आपका जीवन धन-धान्य से परिपूर्ण हो, आप सबके लिए दीपावली का यह महान पर्व अत्यंत शुभकारी व सुख-शांति प्रदाता हो। उन्होने अपील करते हुए कहा है कि दीपावली के इस महोत्सव को पूरी गरिमा व उत्साह के साथ मनाएं,ज्वलनशील पदार्थो से बच्चों को दूर रखें, तेज आवाज पैदा करने वाले पटाखों से दूरी बनाएं, उनके उपयोग से बचें। शासन प्रशासन द्वारा इस संबंध में जारी गाईड लाईन का पालन करें।

## बीएसपी सोसाइटी सेक्टर-4 ने रिटायर कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

# रिटायर कर्मियों का अनुभव हमारी पूंजी-परगनिहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट कर्मियों की सहकारी संस्था बीएसपी एम्पलाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर माह सितंबर व अक्टूबर-2022 में सेवानिवृत्त अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। समारोह में अधिकांश सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों ने सोसाइटी से जुड़े रहकर समाज हित में सक्रियता बढ़ाने की बात कही।

सोसाइटी में हुए एक कार्यक्रम में 1985 से 1999 के बीच बीएसपी की सेवा से जुड़े इन कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर विदाई दी गई।

सितंबर में रिटायर हुए कर्मियों



में फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से लक्ष्मीकांत, पाइप लाइन इरेक्शन एंड मेंटेनेंस (पीएलईएम) से अनिरुद्ध, इंस्ट्रूमेंटेशन से आर. गोविंदा, रिफ्रैक्ट्री मैटेरियल प्लांट (आरएमपी-2) से डी. रघुमणि, पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीएंडबीएस) से एसआर गजेंद्र, प्लेट में से होरी लाल ठाकुर, बार एंड रॉड मिल से एम. कृष्णा स्वामी, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से एस के पटनायक, गोविंद प्रसाद वर्मा, रूप सिंह भूआर्य,मर्चेंट मिल से नान साईं कुजूर, जनरल सर्विस एस्टेब्लिशमेंट से पारस मणि वर्मा,सिंटर प्लांट-3 से बसंत कुमार शर्मा, रिफ्रैक्ट्री मटेरियल प्लांट-2 से महेंद्र कुमार रामटेके और स्टील मीटिंग शॉप-2 से मंतराम यादव शामिल हैं।

इसी तरह अक्टूबर माह के रिटायर हुए लोगों पावर सिस्टम से आर एस वर्मा,प्लेट में से हीराराम साहू, जनरल इस्टैबलिश्डमेंट से जी आनंद राव, मेडिकल से मंगतू राम, ब्लास्ट फर्नेस से शरतचंद्र पंडागरे, विष्णु प्रसाद वर्मा,रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से डीआर देवांगन सीआरएमई शिवकुमार साहू,मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन-2 से केदार राम साहू, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से मुन्नु लाल यादव, मशीन असेंबलिंग एंड रिइंजीनियरिंग शॉप (मार्स) से सुरेश कुमार मकोड़े,चुम्मन लाल देवांगन,बी बी परगनिहा,राजीव भूषण देव,मटेरियल रिकवरी डिपार्टमेंट से एम. गोपाल राव, ओर हैंडलिंग प्लांट से माखनलाल, सी ए एस एंड सीडब्ल्यूपी से के दास गुप्ता, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से गणेश राम चौहान, रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से प्रदीप ज्योतिष, पीईएम से दिनेश कुमार मानकर, एसीडब्ल्यूई से रामनाथ सहारे,इंद्र कुमार और स्लैग ग्रैन्युलेशन प्लांट से पति राम ठाकुर शामिल है।

समारोह में इन रिटायर सदस्यों की दीर्घसेवा का सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि सभी वरिष्ठ सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में वृहद अनुभव रखते हैं और इन सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घ अनुभव का लाभ आवश्यकता पड़ने पर मौजूदा कर्मियों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इन सभी कर्मियों का अनुभव ही वास्तविक पूंजी है। रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए सेक्टर-4 सोसाइटी परिवार का आभार जताया और अपने सेवाकाल को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरनलाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेदप्रकाश सूर्यवंशी और स्टाफ सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

# एसएमएस-2 के कार्मिक कर्म शिरोमणी पुरस्कार से हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म षिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एस के घोषाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सितम्बर-2022 के लिए एसएमएस-2 के श्रमवीरों मास्टर ऑपरेटर (सीसीएस ऑपरेशन) के वेंक्टेश्वर राव, ओसीटी (सीसीएस ऑपरेशन) महाबीर प्रसाद साहू तथा मास्टर ऑपरेटर (एसबीएस ऑपरेशन) विक्रांत गोस्वामी को उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप-2, समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सुरक्षा पर अत्यधिक ध्यान देता है। सुरक्षा हमसब की सामूहिक जिम्मेदारी है। सबसे पहले अपनी सुरक्षा, अपने साथियों की सुरक्षा तथा मशीनों की सुरक्षा के साथ-साथ कार्यस्थल में बेहतर



हाउसकीपिंग एवं इलुमिनेशन को भी ध्यान में रखना है। उन्होंने आगे कहा कि आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कठिन कार्यो को अंजाम दिये हैं। यह भिलाई के कार्य संस्कृति एवं टीम भावना की उपलब्धि है। हमारे श्रमवीरों ने अपने अथक परिश्रम, कार्यकुशलता एवं तकनीकी दक्षता से कई चुनौतियों को जीत कर परचम लहराये हैं। श्री घोषाल ने सभी श्रमिकों को बधाई दी। इस अवसर पर विषेष अतिथियों के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी (एसएमएस-2) सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) योगेष शास्त्री, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) आर के श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एन श्रीकांत एवं महाप्रबंधक (एसएमएस-2) राज कुमार कोमलापति उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विषेष अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (कार्मिक-स्टील जोन-2) श्री विजय कुमार ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती जे मोनिका व श्रीमती कल्याणी साहू ने अपना योगदान दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950